नई दिल्ली
सोमवार, 27 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 193
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 20.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत की बेटियों का शानदार प्रदर्शन


# 1 लाख करोड़ निवेश से गुजरात में बनेगा 1 गीगावाट डेटा सेंटर

**रिलायंस का एआई में मेगा प्लान**

**जामनगर में होगी 1 गीगावाट डेटा सेंटर की शुरुआत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेक्टर में बड़ा दांव लगाने जा रही है। मॉर्गन स्टैनली की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अगले कुछ वर्षों में 12-15 अरब डॉलर (लगभग 1 लाख करोड़) का निवेश कर सकती है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में गीगावॉट-स्केल एआई डेटा सेंटर तैयार करना और देश को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भर बनाना है। रिलायंस का पहला 1 गीगावाट डेटा सेंटर जामनगर, गुजरात में तैयार हो रहा है। पहले चरण में 100 मेगावाट की क्षमता का इस्तेमाल किया जाएगा, जिसे अगले दो वर्षों में बढ़ाकर 1गीगावाट तक ले जाया जाएगा। इस डेटा सेंटर का एक हिस्सा एआई और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स पर काम करने वाली कंपनियों लीज पर दिया जाएगा। रिलायंस गूगल के साथ मिलकर जामनगर में एक डेडिकेटेड क्लाउड रीजन भी स्थापित कर रही है, जो देश की डिजिटल जरूरतों को नई दिशा देगा।



### भारत को वैश्विक एआई हब बनाने की दिशा में कदम

*रिलायंस और मेटा की यह साझेदारी भारत को ग्लोबल एआई इनोवेशन हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वेंचर के जरिए भारत में न केवल एआई टेक्नोलॉजी के विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। रिलायंस का लक्ष्य है कि इस प्रोजेक्ट के जरिए भारतीय कंपनियों को एआई-आधारित निर्णय लेने की क्षमता दी जाए, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी पकड़ मजबूत कर सकें। 855 करोड़ के शुरुआती निवेश से शुरू हुआ यह रिलायंस-मेटा वेंचर भारत के एआई सेक्टर में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। यह न केवल तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि भारत को एंटरप्राइज एआई सॉल्यूशंस के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा।*

### भारत में एआई की नई क्रांति

*यह साझेदारी ऐसे समय में सामने आई है जब भारत में जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग और बिजनेस ऑटोमेशन की मांग तेजी से बढ़ रही है। रिलायंस और मेटा पहले भी जियो प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से साथ काम कर चुके हैं, और अब एआई के क्षेत्र में यह सहयोग भारत के डिजिटल सेक्टर में क्रांति ला सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरईआईएल का मुख्य फोकस भारतीय उद्योगों के लिए कस्टम एआई सॉल्यूशंस विकसित करने, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन सेवाओं को सशक्त बनाने और स्मार्ट एंटरप्राइज टूल्स को बाजार में उतारने पर होगा।*

### रिलायंस और फेसबुक ओवरसीज के बीच हुई साझेदारी

*रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड 70% स्वामित्व रखेगा जबकि फेसबुक ओवरसीज के पास 30% हिस्सा रहेगा। कंपनी ने बताया कि भारत में एंटरप्राइज लेवल के लिए एआई सॉल्यूशंस तैयार करेगी, जो विभिन्न उद्योगों जैसे रिटेल, ऑटोमोटिव, फाइनेंस और मैन्युफैक्चरिंग में उपयोग किए जा सकेंगे। रिलायंस ने स्पष्ट किया कि आरईआईएल के गठन के लिए किसी भी सरकारी या नियामक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं थी। यह वेंचर भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते बाजार में स्वदेशी तकनीकी समाधानों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बनाया गया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### संत प्रेमानंद के दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब



**मथुरा।** वृंदावन में श्रद्धा और आस्था का ऐसा दृश्य देखने को मिला जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए एक से डेढ़ लाख भक्त वृंदावन पहुंचे। दो किलोमीटर लंबी सड़क पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी।रात करीब ढाई बजे जैसे ही संत पदयात्रा के लिए निकले, भक्त राधे-राधे बोल उठे। जयकारों से गूंज उठा।

### एसबीआई 3500 ऑफिसर पदों पर करेगा नियुक्तियां



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक अपने परिचालन को मजबूत करने और देश भर में सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए लगभग 3,500 अधिकारियों की नियुक्ति करने जा रहा है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक ने बताया कि बैंक ने जून में 505 पीओ की भर्ती की है और इतनी ही रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी है।

### दिल्ली में छात्रा पर एसिड अटैक, दोनों हाथ जले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके में रविवार को दिल्ली विवि की एक 20 वर्षीय छात्रा पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। पीड़िता को गंभीर रूप से जलने के कारण भर्ती किया गया। पीड़िता द्वितीय वर्ष की छात्रा है। कॉलेज जाते समय हमला हुआ। रही थी, तभी यह घटना हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

22 वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, एक्ट ईस्ट नीति का किया जिक्र

# 21वीं सदी हमारी...भारत आसियान के साथ हर मुश्किल में मजबूती से खड़ा


*मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान समिट की शुरुआत हो गई, यह समिट दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का बड़ा मंच है, जहां व्यापार, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कृति जैसे मुद्दों पर बात होगी। लेकिन, अब इसके सदस्य देशों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। ईस्ट तिमोर को आधिकारिक रूप से 11वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वें आसियान (एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशिया नेशंस) -भारत शिखर सम्मेलन 2025 में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड की क्वीन मदर के निधन पर संवेदना प्रकट की और आसियान देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अनिश्चितता के इस दौर में भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर मजबूत हुई है।

हमारी मज़बूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का आधार बनकर उभर रही है। पीएम मोदी ने 2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग का वर्ष भी घोषित किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष आसियान शिखर सम्मेलन का विषय 'समावेशीपन और स्थिरता' है। यह विषय हमारे साझा प्रयासों में स्पष्ट रूप से दिखती है, चाहे वह डिजिटल समावेशन हो या वर्तमान चुनौतियों के बीच खाद्य सुरक्षा और लचीली आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चितकरना। भारत इसका समर्थन करता है और इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत हर आपदा में अपने आसियान भागीदारों के साथ हमेशा मजबूती से खड़ा ▶▶ शेष पेज 5 पर

**2026 आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित**




**थाईलैंड की क्वीन मदर के निधन पर संवेदना प्रकट की**

### सांस्कृतिक संबंधों का किया जिक्र

पीएम मोदी ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत और आसियान मिलकर विश्व की लगभग एक-चौथाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम न केवल भूगोल साझा करते हैं, बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्य के जोड़ से जुड़े हुए हैं। हम वैश्विक दक्षिण का हिस्सा हैं। हमारे बीच न केवल व यापारिक संबंध हैं, बल्कि सांस्कृतिक संबंध भी हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है। भारत ने हमेशा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मलयेशियाई प्रधानमंत्री को बधाई दी

पीएम मोदी ने कहा कि मलयेशियाई प्रधानमंत्री और मेरे मित्र अनवर इब्राहिम आपने मुझे आसियान परिवार में शामिल होने का अवसर दिया, इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। मैं आपको इस सफल शिखर सम्मेलन के लिए बधाई देता हूं। भारत के देश समन्वयक की भूमि का कुशलता से निभाने पर फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस का धन्यवाद करता हूं।

**पीएम मोदी ने 'मन की बात' में ग्वालियर के बीएसएफ डॉग ट्रेनिंग सेंटर का किया जिक्र**

### भारतीय नस्ल के श्वानों के बढ़ते उपयोग पर संतोष जताया

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात की 127वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए भारतीय नस्ल के श्वानों (डॉग्स) के बढ़ते उपयोग पर संतोष जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि करीब 5 वर्ष पहले उन्होंने भारतीय नस्ल के डॉग्स को अपनाने की अपील की थी और अब इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारतीय नस्ल के श्वान हमारे परिवेश और परिस्थितियों के अनुरूप आसानी से ढल जाते हैं। देश की सुरक्षा एजेंसियां जैसे बीएसएफ और सीआरपीएफ ने अपने दस्तों में भारतीय नस्ल के डॉग्स की संख्या बढ़ाई है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने ग्वालियर के टेकनपुर में स्थित बीएसएफ का नेशनल ट्रेनिंग सेंटर का जिक्र किया। जहां रामपुर ▶▶ शेष पेज 5 पर

दोनों देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप को दिया धन्यवाद

# थाईलैंड-कंबोडिया ने सीजफायर समझौता किया



एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने रविवार को दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन के दौरान एक विस्तारित सीजफायर समझौते पर हस्ताक्षर किए। ये समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उपस्थिति में हुआ। जिन्होंने जुलाई में दोनों देशों के बीच पांच दिनों तक चले घातक सीमा संघर्ष को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया था। ट्रंप के आगमन के तुरंत बाद हस्ताक्षरित इस समझौते ने क्षेत्रीय शांति की उम्मीदें जगाई हैं। शांति समझौते के बाद थाई पीएम और कंबोडियाई पीएम ने ट्रंप का आभार जताया। ये विस्तारित सीजफायर समझौता तीन महीने पहले हुई एक संधि पर आधारित है। ये संधि तब हुई थी, जब ट्रंप ने दोनों देशों के तत्कालीन नेताओं से फोन पर बातचीत की थी।

### जुलाई में हुआ था संघर्ष

*दरअसल, जुलाई में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर भड़के संघर्ष ने दर्जनों लोगों की जान चली गई थी और लाखों लोग बेघर हो गए थे। ये विवाद फ्रांसीसी उपनिवेशवाद काल से चली आ रही सीमा विवाद पर आधारित था, जिसमें प्रीहविहार मंदिर क्षेत्र शामिल है। संघर्ष के तीसरे दिन ट्रंप ने दोनों देशों के तत्कालीन नेताओं से फोन पर बातचीत की और संघर्ष खत्म करने की अपील की। चेतावनी दी कि यदि युद्ध नहीं रुका तो वाशिंगटन के साथ उनके ट्रेड वार्ताओं को रोक दिया जाएगा।*

### जल्द रिहा होंगे युद्धबंदी

उन्होंने वादा किया कि हथियारों को तुरंत हटाने और युद्धबंदियों (पीओडब्ल्यू) को मुक्त करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। फुमथम ने आगे कहा, यदि इस घोषणा का पूर्ण कार्यान्वयन हो गया तो ये स्थायी शांति के निर्माण खंड प्रदान करेगा। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत ने भी ट्रंप, चीन सरकार और मलेशिया की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये समझौता भरोसे को पुनर्निर्माण करने और आगे बढ़ने का वक्त है।

सीएम हेमंत 2-2 लाख देंगे, सस्पेंड किया

# थैलेसीमिया पीड़ित सात बच्चों को चढ़ाया एचआईवी संक्रमित रक्त

एजेंसी ▶▶ सिंहभूम

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सरकारी अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने के मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने कड़ा रुख अपनाते हुए चाईबासा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन और उनके साथ अन्य पदाधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है। पीड़ित बच्चों के इलाज राज्य सरकार अपने खर्चे पर कराने का फैसला लिया है। परिजनों को 2-2



लाख की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से देने की बात कही है। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर भी कड़ा निर्देश दिया है कि बदतर स्वास्थ्य व्यवस्था बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 13 सितंबर को 7 थैलेसीमिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

बस हादसे पर हैदराबाद पीसी ने कहा

# शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आतंकी, ये रहम के नाकाबिल

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आतंकवादी होते हैं। उन्होंने इसको लेकर एक्स पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। इस पोस्ट में उन्होंने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में हुए बस हादसे का भी जिक्र किया है। पुलिस कमिश्नर ने लिखा है कि इस तरह से मासूमों की जान लेने के लिए इन ड्राइवरों को किसी तरह की रियायत नहीं मिलनी चाहिए। बस हादसे के बाद आग लगने से 20 लोगों की



मौत हो गई। वीसी ने लिखा है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर आतंकी होते हैं। इनके काम आतंकवाद से बिल्कुल भी कम नहीं हैं। देखा जाए तो कुरनूल में हुआ बस एक्सीडेंट, वास्तव एक्सीडेंट है ही नहीं। यह एक तरह का नरसंहार था, जिसे रोका जा सकता था। अगर बाइक चलाने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## आज घाटों पर होगी छठ पूजा, छोड़े जाएंगे दीप



पटना में गंगा नदी किनारे जुटी भीड़

### नौका विहार करेंगी छठ मैया

***नई दिल्ली।*** *दर्शन देहू न अपार हे छठी मैया, उग हे सूरजदेव अरघ के बेरिया, सुन ले अरजिया हमार हे छठी मैया... जैसे अनेक भोजपुरी गीतों की गूंज सोमवार शाम देश के शहरों के तालाबों, सरोवर आदि के घाटों पर सुनाई देगी। दरअसल यह अवसर होगा भगवान सूर्य देव की आराधना के छठ महापर्व का। भोजपुरी समाज के लोग सुख-समृद्धि, अच्छी सेहत और संतान सुख की कामना के साथ* ▶▶ शेष पेज 5 पर

*छत्तीसगढ़ समेत नौ राज्यों में ऐसा एक भी विद्यालय नहीं*

# 8000 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं, तैनात हैं 20 हजार शिक्षक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में करीब 8,000 विद्यालयों में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान कोई दाखिला नहीं हुआ और इनमें से सबसे अधिक विद्यालय पश्चिम बंगाल में और उसके बाद तेलंगाना में हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली। शून्य दाखिले वाले स्कूल में कुल 20,817 शिक्षक कार्यरत थे। पश्चिम बंगाल में ऐसे शिक्षकों की संख्या 17,965 थी और बिना दाखिले वाले स्कूल की संख्या सबसे अधिक (3,812) थी। शिक्षा मंत्रालय ▶▶ शेष पेज 5 पर



### एक लाख से अधिक एकल-शिक्षक विद्यालय

देश भर में 33 लाख से अधिक छात्र एक लाख से अधिक एकल-शिक्षक विद्यालयों में पंजीकृत हैं। आंध्र प्रदेश में इन विद्यालयों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है। इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इन राज्यों में शून्य दाखिले वाले स्कूल नहीं

हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में शैक्षणिक सेशन 2024-25 में ऐसे कोई स्कूल नहीं थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है। राज्यों को स्कूलों में शून्य नामांकन के मुद्दे का समाधान ▶▶ शेष पेज 5 पर

## ग्रामीण भारत के 81 प्रतिशत से अधिक घरों को कवर करता

**12.48 करोड़ अतिरिक्त घर इस सुविधा से जुड़े हैं**

**देशभर के 9,23,297 स्कूलों और 9,66,876 आंगनवाड़ी केंद्रों पर नल लगे**

# जल जीवन मिशन से बदली तस्वीर, 15.72 करोड़ घरों तक पहुंचा नल का पानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में जल जीवन मिशन ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 22 अक्टूबर तक इस मिशन के तहत 15.72 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा मिल चुकी है, जो ग्रामीण भारत के 81 प्रतिशत से अधिक घरों को कवर करता है। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2019 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की थी। उस समय केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों को नल से जल मिल रहा था, जबकि अब 12.48 करोड़ अतिरिक्त घर इस सुविधा से जुड़े हैं। 2.08 लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता से चल रहे इस मिशन ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सबसे तेज विस्तार का रिकॉर्ड बनाया है। इस योजना ने न केवल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की है बल्कि ग्रामीण महिलाओं का सदियों पुराना बोझ भी कम किया है। मिशन के तहत अब तक 192 जिलों, 1,912 ब्लॉकों, 1,25,185 ग्राम पंचायतों और 2,66,273



गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाया जा चुका है। इनमें से 116 जिलों, 1,019 ब्लॉकों, 88,875 पंचायतों और 1,74,348 गांवों को ग्राम सभाओं द्वारा प्रमाणित किया गया है। गोवा, हरियाणा, गुजरात और अरुणाचल प्रदेश सहित 11 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश 100 प्रतिशत नल जल कवरेज प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा देशभर के 9,23,297 स्कूलों और 9,66,876 आंगनवाड़ी केंद्रों में भी अब नल से जल उपलब्ध है। गुणवत्ता की निगरानी के लिए देशभर के 2,843 प्रयोगशालाओं में 2025-26 में 38.78 लाख जल नमूनों की जांच की जा रही है। 4,49,961 गांवों में 24.80 लाख महिलाओं को फील्ड टेस्टिंग किट के उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे पानी की गुणवत्ता की स्थानीय स्तर पर जांच कर सकें। मिशन के तहत स्थायित्व और पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें ग्रे वाटर मैनेजमेंट, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन जैसी पहलें शामिल हैं। समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### घर से नकदी और कीमती सामान चुराने वाला ड्राइवर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मयूर विहार इलाके में अपने मालिक के घर से कथित तौर पर एक लाख रुपये और सोने के आभूषण चुराने के आरोप में चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि चालक गौरांक (25) को घटना के 48 घंटे के भीतर पकड़ लिया गया। उसके पास से 45,500 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार 22 अक्टूबर को मयूर विहार स्थित एक घर में चोरी की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उनकी अलमारी से एक लाख रुपये नकद और चार चूड़ियां, दो चेन और चार जोड़ी झुमके सहित सोने के गहने चोरी हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच हुई। फुटेज में शिकायतकर्ता का चालक लाल रंग का बैग लेकर कई बार परिसर में आता जाता दिखा। उसे शकरपुर स्थित उसके घर से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने कथित तौर पर अपना अपराध कबूल कर लिया ।

### डकैती में वांछित बदमाश बदरपुर में मुठभेड़ के बाद दबोचा

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस ने हथियारों के बल पर डकैती के एक मामले में वांछित 23 वर्षीय बदमाश को बदरपुर इलाके से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। हिमांशु नामक आरोपी को दाहिने पैर में गोली लगी और उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात करीब 9:20 बजे सूचना मिली कि हिमांशु एक अन्य डकैती की योजना बनाने बदरपुर फ्लाईओवर के पास एक पार्क में आएगा। एसटीएफ की एक टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। लेकिन हिमांशु ने पुलिस टीम पर दो गोलियां चलाई। टीम को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी और आत्मरक्षा में दो गोलियां चलाई। पुलिस की एक गोली हिमांशु के दाहिने पैर में लगी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। बदमाश के पास से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल, दो कारतूस और चार खोखे बरामद हुये। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हिमांशु जून के अंत में जेल से रिहा हुआ था और इससे पहले अपहरण, डकैती व झपटमारी के तीन मामलों में शामिल था।

### 66 हजार से अधिक विदेशी सिगरेट जब्त, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तस्करी कर लाई गई विदेशी सिगरेट बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 66,400 सिगरेट बरामद की गई हैं। इसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये बताई गई है। इन सिगरेट को बिना स्वास्थ्य चेतावनी के बेचा जा रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम पानीपत निवासी परवीन सहगल (37) और दिल्ली निवासी मुकेश खटरेजा (48) है। पुलिस टीम को 25 अक्टूबर को सूचना मिली कि प्रह्लादपुर इलाके में पालम फ्लाईओवर के पास प्रतिबंधित सिगरेट की एक बड़ी खेप पहुंचाई जानी है। जाल बिछाकर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तस्करी कर लाई गई सिगरेट के बैग बरामद किए गए। पैकेटों पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) के तहत अनिवार्य स्वास्थ्य चेतावनियां नहीं थी। जिसके कारण भारत में इनकी बिक्री या वितरण अवैध है। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों कंबोडिया से सिगरेट की तस्करी कर दिल्ली और आसपास के इलाकों में इसे बेचते थे। मामले में जांच जारी है।

केशवपुरम थाना इलाके के गणेशपुरा की घटना

# पुजारी ने पत्नी को गला घोंट उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केशव पुरम थाना इलाके में रविवार को 1:05 बजे एक महिला के फांसी लगाने के बारे में पीसीआर कॉल पुलिस को मिली। जांच करने पर पता चला कि यह मामला हत्या का है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। उसी ने गला घोंटकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारा था। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूचना मिलने के बाद मकान नंबर 1514/105, गणेशपुरा, त्रि नगर की चौथी मंजिल पर पहुंची। वहां करीब 40 साल की एक महिला एक कमरे के मकान के अंदर मृत पाई गई। महिला के पति दिनेश शर्मा कन्हैया नगर के शिव मंदिर में पुजारी का काम करते थे। उसने कबूल किया कि घरेलू झगड़ों के कारण पत्नी सुषमा शर्मा को तकिए से मुंह दबाकर और गमछे से गला घोंटकर मार डाला। घटना के समय उनकी 11 साल की बेटी उसी कमरे में सो रही थी। क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। सेक्शन 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच चल रही है।

### भारत नगर में युवती पर एसिड अटैक

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिले के भारत नगर में एक 20 वर्षीय युवती पर एसिड अटैक का केस सामने आया है। युवती सेकेंड ईयर की छात्रा है। उसने पुलिस को बताया कि एक युवक महीनेभर से उसका पीछा कर रहा था। कुछ दिन पहले उसकी गरमागरम बहस हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी युवक और उसके दोस्तों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रविवार को दीप चंद बंधु हॉस्पिटल से एक कॉल आई, जिसमें बताया गया कि मुकुंदपुर की रहने वाली एक लड़की को एसिड से जलने की चोटों के साथ हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। पूछताछ करने पर पीड़िता ने बताया कि वह सेकंड ईयर (नॉन-कॉलेज) की स्टूडेंट है और एक्स्ट्रा क्लास के लिए लक्ष्मी बाई कॉलेज, अशोक विहार गई थी। जब वह कॉलेज की तरफ जा रही थी, तो मुकुंदपुर का रहने वाला उसका जान पहचान वाला जितेंद्र अपने साथियों ईशान और अरमान के साथ एक मोटरसाइकिल पर आया। आरोप है कि ईशान ने अरमान को एक बोतल दी, जिसने उस पर एसिड फेंक दिया। पीड़िता ने अपना चेहरा बचाने की कोशिश की लेकिन उसके दोनों हाथों पर चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गए। पीड़िता ने आगे बताया कि जितेंद्र उसका पीछा करता था और लगभग एक महीने पहले उन दोनों के बीच काफी बहस हुई थी। क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने क्राइम सीन का मुआयना किया। युवती के बयान और चोटों की प्रकृति के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# नौ वर्षीय बच्ची घर में फंदे से झूलती मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ उत्तर पश्चिज जिले के भारत नगर थाना इलाके की घटना

उत्तर पश्चिम जिले के भारत नगर थाना अंतर्गत एक नौ वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितयों में फांसी लगने से मौत हो गई। शुरुआती जांच में बच्ची की गर्दन पर हल्के निशान के अलावा कोई बाहरी चोट के निशान नहीं दिखे। शव को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। मौत के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए सेक्शन 194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार रविवार को सुबह लगभग 9:52 बजे दीप चंद बंधु हॉस्पिटल से सूचना मिली कि शक्ति नगर एक्सटेंशन के 199/16 की रहने वाली 9 साल की एक लड़की को मृत हालत में लाया गया है। बताया गया कि बच्ची को उसके पिता लाए थे और कहा कि उसने फांसी लगा ली थी। इसके बाद सुबह 10:21 बजे एक और कॉल आया, जिसमें बताया गया कि नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी मिली थी। सूचना मिलने पर लोकल पुलिस टीम ने क्राइम टीम और एफएसएल यूनिट के साथ मौके का मुआयना किया। जिस झुग्गी के ऊपरी हिस्से में यह घटना हुई थी, वहां छत से एक चुन्नी बंधी हुई मिली। शुरुआती जांच में गर्दन पर हल्के निशान के अलावा कोई बाहरी चोट के निशान नहीं दिखे। संबंधित डॉक्टर ने अभी तक मौत के सही कारण के बारे में कुछ नहीं बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार पुलिस कर रही है।

### नकली एंटासिड बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने उत्तरी दिल्ली के इब्राहिमपुर इलाके में एक नकली एंटासिड बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम संदीप जैन (45) और जितेंद्र उर्फ छोटू (23) बताये गये हैं। दोनों इब्राहिमपुर इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि एक अधिकृत एंटासिड निर्माता कंपनी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने छापेमारी कर मूल ब्रांड की पैकेजिंग की नकल कर नकली दवाई बनाने वाली इकाई का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने नकली उत्पादों के 91,257 पैकेट, उन्हें तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला 80 किलोग्राम कच्चा माल, 13 किलोग्राम कंपनी मुद्रित रोल, 54780 स्टिकर और पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक मशीन बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नकली एंटासिड बनाने में संलिप्त थे और उन्होंने परिसर को किराए पर लिया हुआ था। पुलिस ने बताया कि अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

## सड़क पर खून से लथपथ मिला युवक, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ बाहरी दिल्ली के प्रेमनगर में वारदात

रोहिणी इलाके के प्रेम नगर में एक युवक रविवार सुबह सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में मिला। उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। घायल की पहचान गोपाल के रूप में हुई है। उसकी गर्दन पर तेज धारदार हथियार से हमला किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं। स्थानीय निवासी नईम अहमद ने बताया कि वह प्रेम नगर-2 स्थित 70 फुटा रोड पर परिवार के साथ रहते हैं। रविवार की सुबह जब वह अपने घर से बाहर निकले तो देखा कि जानी पब्लिक स्कूल के सामने खून से लथपथ एक युवक पड़ा था। पास जाकर देखा तो युवक के गले से खून काफी खून निकल रहा था। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत पुलिस को दी।

## वंदेमातरम सिर्फ एक गीत नहीं बल्कि राष्ट्र भावना है जिसे हमें युवा वर्ग में पुनः जागृत करना है : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम को सुना। जेपी नड्डा,वीरेंद्र सचदेवा, अनिल बलूनी और बांसुरी स्वराज ने ग्रेटर कैलाश में "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। वहीं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डा. अल्का गुर्जर ने विधायक राजकुमार भाटिया के साथ आदर्श नगर में मन की बात कार्यक्रम सुना। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से इस बार छठ महापर्व के महत्व को साझा किया जिससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उसी को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली में भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार ने छठ महापर्व को लेकर भव्य आयोजन का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है। छठ के घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। ये दृश्य भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण है। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी ने 7 नवंबर को 'वन्देमातरम' के 150वें वर्ष के उत्सव को लेकर जो बातें साझा की है उससे प्रेरणा लेते हुए दिल्ली के युवाओं से अपील की है कि हमारे राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जन जन तक पहुचाएं ताकि राष्ट्र और राष्ट्रीय गीत के प्रति युवाओं में राष्ट्र सम्मान की भावना जागृत हो।

■ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा नेताओं के साथ ग्रेटर कैलाश में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

### 'मन की बात' कार्यक्रम सामाजिक उपलब्धियों और जन-भागीदारी की प्रेरक कहानियों का एक महत्त्वपूर्ण मंच : रेखा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सिविक सेंटर में जैन समाज के अणुव्रत कार्यक्रम के दौरान महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं जैन समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन संवाद पर आधारित 'मन की बात' कार्यक्रम सामाजिक उपलब्धियों और जन-भागीदारी की प्रेरक कहानियों का एक महत्त्वपूर्ण मंच है। यह कार्यक्रम राष्ट्र को जोड़ने, प्रेरित करने और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने प्रदेश भाजपा मंत्री किशन शर्मा आदि कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को शाहदरा मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के निवास पर क्षेत्रवासियों संग सुना। वहीं दिल्ली भाजपा संगठन महामंत्री पवन राणा ने करोलबाग जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर के साथ आज करोल बाग के नारायणा वार्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

## व्यक्ति पर स्टील की रॉड से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के सरिता विहार में संपत्ति विवाद को लेकर एक व्यक्ति पर स्टील की रॉड से हमला करने के आरोप में 31 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहित कुमार शनिवार को आनंद विहार बस अड्डे से मेरठ भागने की कोशिश कर रहा था जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसने कहा कि 24 अक्टूबर को शिकायतकर्ता रघुराज सिंह ने आरोप लगाया कि आरोपी ने अपने एक सहयोगी के साथ मिलकर उसकी कार रोकी और स्टील की रॉड से उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमले के दौरान एक महिला और एक रिक्शा चालक ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद मोहित मौके से फरार हो गया। पूछताछ के दौरान, मोहित ने खुलासा किया कि उसने बदला लेने के लिए सिंह पर हमला किया, क्योंकि शिकायतकर्ता ने कथित तौर पर नगर निकायों से उसकी संपत्ति पर अनधिकृत निर्माण के बारे में लगातार शिकायतें की थीं, जिसके कारण उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने बताया कि नेहरू प्लेस में पुराने लैपटॉप बेचने वाले मोहित का पहले भी इसी तरह के अपराध का रिकॉर्ड रहा है। इसने कहा कि मामले में जांच जारी है।

सरकार से मुआवजे की मांग

## निगम में नेता विपक्ष नारंग ने बरसाती पानी में डूबने से मृत बच्ची के परिजनों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने मुंडका विधानसभा के वार्ड 33 अंतर्गत ब्लॉक-के, रामा विहार में तीन दिन पहले हुई दर्दनाक घटना में छह साल की मासूम बच्ची प्रियांशी की जलभराव में डूबने से हुई दर्दनाक मौत के बाद उनके परिजनों से मुलाकात की। इस बारे में नारंग ने कहा कि इस दुखद घटना के लिए प्रियांशी के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका दुःख बाँटा। इसके साथ ही सरकार से मांग की है कि भाजपा की चार इंजन सरकार मृतक बच्ची के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दे और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि बच्ची की माँ की आँखों से बहते आँसू और पिता के चेहरे पर पसरा सन्नाटा ये बता रहा था कि यह सिर्फ़ एक बच्ची की नहीं, पूरे सिस्टम की नाकामी की मौत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित दिल्ली सरकार और एमसीडी की लापरवाही ने एक मासूम की ज़िंदगी छीन ली। रामा विहार की सड़कों पर पानी भरा रहा, जिम्मेदार सोते रहे और इसकी कीमत एक नन्ही जान ने चुकाई। रामा विहार ब्लॉक-के में पिछले कई महीनों से 6-7 फुट तक बारिश का पानी लोगों के घरों और गलियों में भरा हुआ है। इसी जलभराव के कारण स्कूल जाती 6 साल की मासूम बच्ची प्रियांशी की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि इस मासूम बच्ची की मौत का जिम्मेदार कौन है, भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता या भाजपा मेयर राजा इक़बाल सिंह।

## सौतेले भाई से ईर्ष्या में युवक ने की पिता से ही 26 लाख रुपये की साइबर ठगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सौतेले भाई से ईर्ष्या और गुस्से में आकर एक युवक ने अपने ही पिता से 26 लाख रुपये से अधिक की कथित तौर पर ठगी कर ली। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी शिवम शर्मा ने अपने 68 वर्षीय पिता के बैंक खाते से जुड़े सिम कार्ड को चोरी किया और करीब चार महीनों तक साजिश रचकर यह धोखाधड़ी की। आजादपुर मंडी में पार्किंग ऑपरेटर रह चुके पीड़ित पिता ने खराब स्वास्थ्य और डिजिटल जानकारी कम होने की वजह से ऑनलाइन बैंकिंग की जिम्मेदारी अपने बेटे शिवम को सौंपी हुई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''पारिवारिक पार्किंग कारोबार सौतेले भाई को मिलने से शिवम नाराज था। इसी कारण उसने अपने पिता की जमा-पूंजी हड़पने की साजिश रची। 23 मार्च को जब उसके पिता पहली पत्नी के अंतिम संस्कार में गए थे, उस दौरान शिवम ने बैंक खाते से जुड़ा सिम कार्ड चोरी कर लिया।'' अधिकारी के अनुसार सिम कार्ड का इस्तेमाल करके उसने एक फर्जी यूपीआई आईडी बनाई और डिजिटल मंच के जरिए रुपये अंतरित करने शुरू कर दिए। अधिकारी ने बताया, ''उसने ई-कॉमर्स मंच से सोने के सिक्के खरीदे और उन्हें घर में अलमारी में छिपा दिया। इसके अलावा करीब छह लाख रुपये उसने साइबर कैफे संचालकों के जरिए निकाले, जिन्हें रुपयों की निकासी में मदद करने के बदले उसने दो से 10 प्रतिशत तक कमीशन दिया।'' पुलिस के मुताबिक, डिजिटल सबूत मिटाने के लिए शिवम ने बाद में सिम कार्ड और अपना मोबाइल फोन नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी शिवम खुद को पीड़ित दिखाता रहा, वह अपने पिता के साथ साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करवाने तक पहुंच गया, ताकि शक उस पर न आए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने साइबर तकनीक और फील्ड इंटेलिजेंस की मदद से मामला सुलझाया।

अणुव्रत दिवस पर मुख्यमंत्री ने दिया छोटे-छोटे संकल्पों को अपनाने का संदेश

# देश का उत्थान तभी संभव जब हर नागरिक निभाएं अपनी जिम्मेदारी: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश का उत्थान तभी संभव जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाए। यह विचार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को अणुव्रत समिति ट्रस्ट द्वारा आचार्य तुलसी की 112वीं जयंती के उपलक्ष्य आयोजित अणुव्रत दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य तुलसी का अणुव्रत आंदोलन केवल उपदेश नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक दिशा है। यदि प्रत्येक व्यक्ति उनके दिखाए मार्ग पर चले तो समाज में स्थायी और नैतिक परिवर्तन संभव है। मुख्यमंत्री के अनुसार आचार्य तुलसी ने यह भी सिखाया कि परिवर्तन की शुरुआत व्यक्ति से होती है। जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझेगा और अपने जीवन में अनुशासन, स्वच्छता तथा ईमानदारी जैसे छोटे-छोटे नियम अपनाएगा, तभी समाज और देश सही मायनों में आगे बढ़ सकेंगे।

दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर के केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के महापौर राजा इकबाल, अणुव्रत अनुयायी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित नागरिकों से आग्रह किया कि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक छोटा-सा 'अणुव्रत' अवश्य अपनाए, जैसे प्लास्टिक का उपयोग न करना, सड़कों पर गंदगी न फैलाना, गौशालाओं में गो-सेवा को प्राथमिकता देना और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना। उन्होंने कहा कि ये छोटे-छोटे संकल्प ही आचार्य तुलसी के विचारों का सार हैं, जो व्यक्ति और समाज दोनों को नई दिशा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने आचार्य तुलसी के चरणों में नमन करते हुए कहा कि देश का सुधार केवल सरकारों के प्रयासों से संभव नहीं है। जब देश के 140 करोड़ नागरिक यह भावना अपने भीतर लाएंगे कि यह देश उनका है और उसकी जिम्मेदारी भी उनकी है, तभी सच्चा परिवर्तन संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यद्यपि हम सभी इतने तपस्वी नहीं हो सकते, जितने हमारे गुरुजन रहे हैं, परंतु उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास अवश्य कर सकते हैं। छोटे संकल्प और छोटे प्रयास ही एक बड़े सामाजिक परिवर्तन की नींव रखते हैं।

## बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार मिलने से देश व समाज के लिए सभ्य इंसान बनते है: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक कार्यक्रम में कहा कि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देने से देश व समाज के लिए वह एक सभ्य इंसान बनकर नवनिर्माण की और अग्रसर होते है। सीएम रेखा रविवार को डेरावाल नगर स्थित स्वामी अमरदेव पब्लिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। सीएम ने ब्रह्माकुमारीज की सेवाओं को समाज के लिए प्रकाश पुंज की संज्ञा दी। यह संस्था निस्वार्थ भाव से समाज में चरित्र, नैतिकता और आत्मिक शांति के संस्कार स्थापित कर रही है। मानवता को सही दिशा देने वाला एक जीवन-मूल्य आंदोलन बन चुका है। वर्तमान दौर में आत्म स्मृति से ही जीवन में संतुलन संभव है। समाज से तनाव, हिंसा और अविश्वास समाप्त करने के लिए हर घर में प्रेम, धैर्य और समझ की भावना जागृत होनी है। इस मौके पर सीएम के अलावा माडल टाउन से विधायक अशोक गोयल देवरहा, ब्रह्माकुमारी की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी, बी के शिवानी दीदी, प्रोफेसर डॉ मोहित गुप्ता, श्रीनिधि भाई, दिल्ली की वरिष्ठ राजयोगिनी आशा दीदी, राजयोगिनी शुक्ला दीदी, राजयोगिनी चक्रधारी दीदी तथा राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने अपनी शुभकामनाएं दी। रूस से राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुधा दीदी तथा संतोष दीदी सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में राजयोगिनी जयंती दीदी ने संकल्पों की सकारात्मकता के लिए राजयोग का अभ्यास करने की प्रेरणा दी। जबकि वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने संकल्पों की शक्ति पर प्रकाश डालत हुए कहा कि संकल्पों से वृत्ति, वृत्ति से दृष्टि, दृष्टि से सृष्टि का निर्माण होता है। वहीं प्रोफेसर डॉ मोहित गुप्ता ने राजयोग द्वारा अपने जीवन में परिवर्तन के अनुभव को साझा कर प्रेरणायें दी तथा तनाव मुक्त जीवन के लिए जीवन शैली में परिवर्तन कर राजयोग के मन व शरीर पर पड़ने वाले वैज्ञानिक पहलू पर प्रकाश डाला।

# व्रतधारियों ने मनाया खरना शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छठ पर्व के दूसरे दिन व्रतधारियों ने खरना मनाया और शाम के समय घाटों पर जाकर वेदी पर दिए जलाए और परंपरानुसार पूजा अर्चना की। इसके साथ ही छठ पर्व का 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। सोमवार को व्रतधारी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे और उसके बाद अगले दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर प्रसाद वितरण के साथ ही व्रत पूर्ण होगा। नरेला में सर्व शक्ति एकता समिति भोरगढ़ के अध्यक्ष धनेश्वर यादव व महासचिव ऋषि राजपूत ने बताया कि यह 17वां छठ पूजा उत्सव आयोजन है। हर वर्ष यहां हजारों की संख्या में छठ व्रतधारी धूमधाम से छठ मनाते है। सोमवार की रात यहां रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें कई लोक गायक गायिकाएं छठी मइया के गीत संगीत से श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेगें। यहां कृत्रिम ताल बनाया गया है व सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।



# इंद्राज ने रोहिणी एवं बवाना के घाटों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छठ महापर्व के दूसरे दिन मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने सोमवार और मंगलवार को सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और सुविधा के अनुरूप की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

रविंद्र इंद्राज ने रोहिणी सेक्टर 24, 25 और 26 स्थित छठ घाट एवं पंसाली छठ घाट का निरीक्षण किया। साथ ही बवाना के जे जे कॉलोनी ए ब्लॉक, एफ ब्लॉक, जी ब्लॉक एवं एल ब्लॉक घाट, जैन कॉलोनी घाट, शाहबाद डेयरी स्थित पंच मंदिर घाट में सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इंद्राज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यमुना किनारे छठ पूजा पर प्रतिबंध लगा था और पूजा करने वालों के खिलाफ मुकदमे होते थे। अब सरकार ने प्रतिबन्ध भी हटाया है, मुकदमे भी वापस लिये जा रहे हैं और कांवड़ यात्रियों की तरह छठ घाट पर आये श्रद्धालुओं पर फूल भी बरसाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि घाटों पर टेंट, बिजली, स्वच्छता, पेयजल, मोबाइल शौचालय, सफाईकर्मी और चिकित्सा वैन की व्यवस्था है।

# छठ महापर्व को भव्यता और श्रद्धा के साथ मना रही दिल्ली : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में छठ महापर्व बड़े श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने इस बार पूरी दिल्ली में 1300 से अधिक छठ घाटों पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कीं है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री छठ घाटों पर तैयारियों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को खुद वासुदेव घाट पर छठ पूजा की तैयारियों की समीक्षा की।

इस अवसर पर मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। वहीं रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और खरना पूजा में भी शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का वह उज्जवल प्रतीक है जो हमें एकता, समरसता, स्वच्छता और श्रद्धा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि छठ केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि अनुशासन, आस्था और सामाजिक सद्भाव का भी प्रतीक है। दिल्ली सरकार 'विरासत भी और विकास भी' के मंत्र के साथ प्रत्येक त्योहार को जन-सहभागिता और पारंपरिक गरिमा के साथ मना रही है। मुख्यमंत्री आज छठ महापर्व की खरना पूजा में भी शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर सरकार द्वारा छठ महापर्व का आयोजन किया जा रहा है।



## जनकपुरी में छठ पूजा की तैयारियां पूर्ण : आशीष सूद

दिल्ली के शिक्षा मंत्री और जनकपुरी के विधायक आशीष सूद ने रविवार को अपने क्षेत्र में 31 स्थानों पर आयोजित छठ महापर्व की व्यापक तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ने बताया कि जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कुल 31 छठ पूजा समितियां छठ पूजा का आयोजन कर रही हैं। यह समितियां सरकार के विभिन्न विभागों के साथ तालमेल कर श्रद्धालुओं के लिए घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा तथा चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था में सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि जनकपुरी में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर छठ पूजा का आयोजन किया जा रहा है। घाटों पर सभी प्रकार की तैयारियां पूरी हो गयी है।

## कपिल मिश्रा ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने रविवार को राजधानी के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री कपिल मिश्रा ने मयूर विहार घाट, अशोक नगर, कोंडली, त्रिलोकपुरी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के साथ घाटों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, टेंट, जलस्तर और यातायात प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की।

## छठ आस्था का पर्व, श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी : प्रवेश



दिल्ली के लोक निर्माण, जल एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को राजधानी के विभिन्न छठ घाटों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छठ आस्था का पर्व है, श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मंत्री प्रवेश दौरे के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मटीयाला के श्याम विहार जेड ब्लॉक, नजफगढ़ के जय विहार, विकासपुरी के दास गार्डन, नांगलोई के निहाल विहार, नरेला के सेक्टर ए-10 दशहरा ग्राउंड और पल्ला घाट का दौरा किया। पल्ला से उन्होंने यमुना नदी के किनारे नौका द्वारा विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया, जिनमें वासुदेव घाट भी शामिल था। इस दौरान उन्होंने नदी तट की स्थिति और चल रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रवेश साहिब सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे चौबीसों घंटे समन्वय और निगरानी बनाए रखें ताकि छठ पर्व सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

# वायु प्रदूषण कर रहा परेशान औसत एक्यूआई 300 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा अब भी परेशान करने वाली श्रेणी में बह रही है। हवा सुधार की बजाए रविवार को खराब से वापस बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का कहना है कि वीकेंड यानी रविवार की सुबह 10 बजे दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 324 दर्ज हुआ, जो बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। पर्यावरण विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक में बढ़ोतरी होने के आसार ज्यादा हैं। हालांकि मौसम विभाग ने अनुमान व्यक्त किया है कि दो दिन हल्की बारिश की संभावना है, अगर ऐसा हुआ तो कमी की उम्मीद की जा सकती है। सीपीसीबी के अनुसार आनंद विहार में अब भी एक्यूआई 430 दर्ज हुआ। वहीं जहांगीरपुरी में 370, रोहिणी में 362, लोधी रोड 283 और दिल्ली एयरपोर्ट पर एक्यूआई 269 दर्ज किया गया। वहीं आश्रम और महारानी बाग के आस-पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई है। जबकि पूरे शहर में स्मॉग की मोटी चादर छाई रही।




# सरदार पटेल का जीवन एकता, संकल्प और राष्ट्र निर्माण का प्रतीक:असीम अरुण

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के राष्ट्रीय अभियान के परिप्रेक्ष्य में आयोजित हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद द्वारा "एक भारत – श्रेष्ठ भारत" विषय पर केंद्रित विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन रॉयल पार्क होटल एंड रिसोर्ट्स, इंदिरापुरम में किया गया। यह संवाद लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती एवं के राष्ट्रीय अभियान के परिप्रेक्ष्य में आयोजित हुआ।

मुख्य वक्ता असीम अरुण, माननीय मंत्री समाज कल्याण विभाग व गाजियाबाद प्रभारी मंत्री, ने कहा कि "सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें एकता, संकल्प और राष्ट्र निर्माण का अद्भुत संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज उसी आत्मनिर्भरता और अखंडता के मार्ग पर अग्रसर है, जिसका स्वप्न सरदार पटेल ने देखा था। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रप्रेम, एकता और जिम्मेदारी की भावना का विस्तार किया जा रहा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान केवल एक विचार नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला दृष्टिकोण है। वहीं उन्होंने



बताया सरदार पटेल जी ने 562 रियासतों को जोड़कर भारत की एकता की नींव रखी, जिसे आज प्रधानमंत्री मोदी जी 'विकसित भारत पदयात्रा' के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। प्रेस वार्ता में बताया कि मेरा भारत के सहयोग से 6 अक्टूबर से Sardar@150 Unity March की शुरुआत हुई है, जो 6 दिसंबर 2025 तक चलेगी। इस दौरान विकसित भारत पदयात्रा के तहत प्रत्येक जिले में 8–10 किमी की एकता यात्रा निकाली जाएगी तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों में विविध प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि भाजपा महानगर संगठन "आत्मनिर्भर भारत अभियान" के अंतर्गत जिले में जनसंपर्क, संवाद एवं एकता पदयात्राएं आयोजित करेगा। उन्होंने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। महामंत्री गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, सुशील गौतम, अभियान संयोजक सचिन डेढ़ा, सह संयोजक नवनीत मित्तल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी धीरज अग्रवाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** एक मकान से 3 मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में एक आरोपी को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि रणवीर निवासी अनंगपुर चौक ने बताया कि अपने घर में तीनों मोबाईल फोन को चार्ज लगाकर वह परिवार के साथ घर में सो रहा था, सुबह उठकर देखा तो तीनो मोबाइल फोन कोई नामालूम व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जिस शिकायत पर थाना सुरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### पीटने के मामले में दो आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 15 सितंबर को अधिवक्ता के साथ मारपीट करने के मामले में थाना सैंट्रल की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिवक्ता बृज भूषण गर्ग ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 15 सितंबर को वह अपनी गाड़ी से कोर्ट के मेन गेट पर पहुंचा। तो वहां पहले से मौजूद श्याम बाबू, गौरव, रवि व अन्य ने उस पर लात घूसों से हमला कर दिया।

### गांजा के साथ एक आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने कार्रवाही करते हुए 1.152 किलोग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 25 अक्टूबर को अपराध की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए दीपक नेगी निवासी गांव खानपुर भुपानी फरीदाबाद को 1.152 किलोग्राम गांजा सहित शास्त्री कालोनी से काबू किया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने इंदिरापुरम में 1200 बेड वाले यशोदा मेडिसिटी का किया शुभारंभ

# जान है तो जहान है, स्वास्थ्य का रखना विशेष ध्यान: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर भारत के सबसे एडवांस्ड और सस्टेनेबल मल्टी-स्पेशलिटी हेल्थकेयर सेंटर्स में से एक ग़ाज़ियाबाद के इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, यशोदा मेडिसिटी के चैयरमैन डॉ.पीएन अरोड़ा, डॉ.उपासना पाण्डेय सहित कई राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मंत्री और जनप्रतिनिधि व अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा यशोदा मेडिसिटी का भ्रमण किया गया।

इंदिरापुरम, गाजियाबाद में 8 एकड़ से भी ज्यादा क्षेत्र में फैला यशोदा मेडिसिटी नए जमाने के हेल्थकेयर इनोवेशन का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस हॉस्पिटल में 1200 बेड्स हैं और 65 से ज्यादा स्पेशलिटीज हैं।

शरीर माध्यम अनुधर्म साधनम": योगी आदित्यनाथ

जब देश का हर नागरिक स्वस्थ्य होगा तभी हमारा देश सशक्त व शक्तिशाली बनेगा: राजनाथ सिंह




**अरोड़ा ने शॉल, शंख और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया अतिथियों का स्वागत सम्मान**

यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ.पी. एन. अरोड़ा द्वारा स्वागत संबोधन कर, सभी गणमान्य अतिथियों को शॉल, शंख और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यशोदा मेडिसिटी खुलने पर मै आप सभी को बधाई देती हूं। मुझे आशा है कि आप लोगों के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया जायेगा जिसका लाभ सभी नागरिकों को प्राप्त हो। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भी लाभार्थियों को यहां से लाभ प्राप्त हो ऐसी मुझे आशा है। मुझे खुशी है कि एक छत के नीचे स्वास्थ्य सम्बंधित विभिन्न सेवाओं को लाभ हो सकेंगा। यह एडवांस्ड, सस्टेनेबल और करुणामय हेल्थकेयर के नए युग की शुरूआत है। उन्होने कहा कि जान है तो जहान है, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना है, इसके लिए आधुनिक सेवाओं की बेहद आवश्यकता है।

**नए भारत के लक्ष्य पाने के प्रयास का यशोदा मेडिसिटी एक हिस्सा: मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री शयोगी आदित्यना ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में



नए भारत के अन्दर भारत के युवाओं को उन्ही के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हो सके उस दिशा में प्रयास किए जाने वाले प्रयास का यशोदा मेडिसिटी एक हिस्सा है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य हुआ हैं, जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश में पिछले 08 वर्षों में 42 नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए है, 2 एम्स बने है गोरखपुर व रायबरेली में, जो कि सफलतापूर्वक संचालित हैं। सुपर स्पेशलिटी के तमाम संस्थान उत्तर प्रदेश में स्थापित हुए हैं।

**डॉ. पी.एन.अरोड़ा की सच्ची आस्था: रक्षा मंत्री सिंह**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कि पीएन अरोड़ा अपनी माता जकी कैंसर से मृत्यु होने पर उनकी स्मृति में उनके नाम यशोदा से स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की और आज उनके नाम से यशोदा मेडिसिटी बनाया है, उनकी मंशा है कि किसी भी व्यक्ति की बीमारी से मृत्यु ना हो, जिसके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं और अब यशोदा मेडिसिटी बनाकर उनमें स्वास्थ्य जांच हेतु सभी प्रकार की मशीने व दवाई उपलब्ध करवाई हैं, यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दिशा—निर्देशों के क्रम में करोड़ों लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए हैं, जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है, शक्तिशाली व सशक्त भारत बनाने के लिए सर्वप्रथम नागरिकों का स्वस्थ्य रहना अनिवार्य हैं, जब हमारे देश का हर नागरिक स्वस्थ्य होगा तभी हमारा देश सशक्त व शक्तिशाली बनेगा।

### 3 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

## यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने पिंक वॉक कर कैंसर के प्रति दिया जागरूकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाज़ियाबाद ने रविवार को ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के अवसर पर आयोजित पिंक वॉक के माध्यम से शहर में स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश फैलाया। इस वॉक में लगभग 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉक सुबह 6 बजे जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन से आरंभ होकर यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर तक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत यशोदा की फिजियोथेरेपी टीम द्वारा मूवमेंट मेडली से हुई, जिसने प्रतिभागियों को जोश और ऊर्जा से भर दिया। प्रतिभागियों ने गुलाबी परिधानों में ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए वॉक की। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजत अरोड़ा ने बताया कि, यशोदा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला व्यापक ब्रैस्ट केयर सेंटर है, जो न केवल अत्याधुनिक इलाज बल्कि समय पर जांच और निदान की सुविधा भी प्रदान करता है।

### लोहे के पाईप से हमला, मारपीट करने के मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस दंबगई कर कानून को अपने हाथ में लेने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आपसी कहासुनी को लेकर व्यक्ति पर लोहे के पाईप से हमला करने के मामले में क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव फतेहपुर चंदीला निवासी अमित ने थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि कपिल से 10 अक्टूबर को उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

## 26-27 अगस्त की रात केएलजे सोसायटी की बेसमेंट में गोली मारने के मामले में सह आरोपी पकड़ाया

### पुलिस ने लिया दो दिन के रिमांड पर क्राइम ब्रांच कर रही है पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बीते 26-27 अगस्त की रात को सेक्टर 77 स्थित केएलजे सोसाइटी की बेसमेंट में गोली मारने के मामले में सह आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर 30 की टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-10 फरीदाबाद निवासी सुरेश ने थाना बीपीटीपी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके सेक्टर 10 स्थित सैलून पर काम करने वाली कर्मचारी मेघा के पति विनोद ने अपने एक साथी के साथ मिलकर 26-27 अगस्त की रात सेक्टर 77 स्थित केएलजे सोसायटी की



बेसमेंट पार्किंग में उस पर गोली चलाई, जिसमें वह घायल हो गया। जिस पर थाना बीपीटीपी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने कृष्ण निवासी मथुरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कृष्ण 26-27 अगस्त की रात को मुख्य आरोपी विनोद के साथ गाड़ी में केएलजे सोसायटी में गया था और शिकायतकर्ता के उपर कट्टे से फायर किया था, वहीं विनोद ने शिकायतकर्ता पर पिस्टल से फायर किया था। दोनों आरोपी दोस्त है। कृष्ण होर्डिंग लगाने का काम करता है विनोद को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया

## 438 शिकायतों का समाधान, 1 लाख 94 हजार रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त साइबर अभिषेक जोरवल के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों पर लगातार कार्यवाही किए जा रही है इसी कड़ी में साइबर थानों की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस सप्ताह 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार 10,18,136 रुपए बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 से 24 अक्टूबर तक फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम ने 3 मुकदमों में कार्रवाही करते हुए 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने 10,18,136 रुपए बरामद किए हैं तथा 438 शिकायतों का निस्तारण कर 1,94,066 रिकवर किये हैं साथ ही 5,32,536 खातों में फ्रिज कराए हैं। गिरफ्तार आरोपियों



में दिलीप शिवाजी दुसूंगे, अंबादास जगन्नाथ, अंकित कुमार व मनोज कुमार का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने कहा कि साइबर ठगी के मामले में लोगों का जागरूक न होना ठगी का मुख्य कारण है। आजकल साइबर अपराधी क्रेडिट कार्ड, बीमा पॉलिसी, पानी व बिजली बिल आदि से संबंधित मामलों में ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

## श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया

### बाबा श्याम की कृपा से हर असंभव कार्य भी संभव हो जाता है: सचिव गौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा आयोजित श्याम कीर्तन तिगांव स्थित राधे वाटिका में धूमधाम से आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मेयर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव रहे अजय गौड, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, एसीपी तिगांव अशोक वर्मा, एसीपी रेलवे राजेश चेची, कैबिनेट मंत्री राजेश नागर की धर्मपत्नी मंजू नागर, सतवीर वर्मा नम्बरदार पूर्व ग्रीवेंस कमेटी मेंबर, विकास वर्मा पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल एंव एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया, जिला परिषद के चेयरमैन विजय लोहिया, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष भूरा सरपंच, अमन नागर, बार काउंसिल के कापटिड सदस्य राजेश खटाना एडवोकेट, सचिन वर्मा प्रधान स्वर्णकार समाज तिगांव, अनुज गर्ग, चेयरमैन श्याम मित्र मंडल तिगांव एवं महासचिव हंसराज वर्मा, राहुल



शर्मा अनूप शर्मा, मनीष वर्मा, परवीन, अरविंद शर्मा मौजूद थे। मेयर जोशी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से मन को शांति एंव कार्यों में उन्नति मिलती है। अजय गौड़ ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से हर असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। मुकेश विशिष्ट ने कहा कि समाज मे धार्मिक समन्वय के साथ-साथ भाईचारे एंव सौहार्द मजबूत होता है। एसीपी अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते है।

## ब्लैकमेलिंग से दुखी युवक ने किया सुसाइड, एआई से अश्लील वीडियो तैयार कर 20 हजार रुपए मांगे

### मोबाइल चैट से हुआ खुलासा, पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ओल्ड थाना क्षेत्र के बसेलवा कॉलोनी से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां 19 वर्षीय युवक राहुल ने कुछ लोगों द्वारा एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक से बनाई गई अश्लील फोटो और वीडियो के जरिए ब्लैकमेलिंग से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शु रू कर दी है।जानकारी के मुताबिक राहुल डीएवी कॉलेज में बी कॉम सेकंड ईयर का छात्र था और अपने परिवार के साथ बसेलवा कॉलोनी में रहता था। राहुल के पिता मनोज भारती ने बताया कि करीब दो हफ्ते पहले किसी ने राहुल का मोबाइल फोन हैक कर लिया था। फोन हैक करने के बाद कुछ लोगों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके राहुल और उसकी बहनों की न्यूड फोटो और वीडियो बना दीं। इन फर्जी तस्वीरों और वीडियो को व्हाट्सएप पर भेजकर आरोपियों ने राहुल से लगभग 20 हजार रुपए की मांग की। पैसे न देने पर उन्होंने धमकी दी कि ये वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे।राहुल इस ब्लैकमेलिंग से बेहद परेशान रहने लगा। उसके पिता ने बताया कि पिछले 15 दिनों से राहुल का व्यवहार पूरी तरह बदल गया था, वह ठीक से खाना नहीं खा रहा था, बात कम करता था और अक्सर चुपचाप कमरे में रहता था। परिजनों को यह अंदाजा नहीं था कि वह इतनी बड़ी मानसिक परेशानी से जूझ रहा है। शनिवार शाम करीब 7 बजे राहुल ने अपने कमरे में सल्फास की गोलियां खा लीं। जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता मनोज भारती ने बताया कि जब उन्होंने बेटे का मोबाइल देखा तो उसमें साहिल नाम के युवक के साथ लंबी चैटिंग मिली। चैट में साहिल ने राहुल की न्यूड फोटो और वीडियो भेजकर पैसे की डिमांड की थी। आखिरी बातचीत में उसने राहुल को धमकी दी थी कि अगर पैसे नहीं दिए तो सारी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। इतना ही नहीं, चैट में साहिल ने राहुल को आत्महत्या करने के लिए उकसाने वाले शब्द भी लिखे थे और यहां तक बताया था कि किस चीज का सेवन करने से उसकी मौत हो सकती है। परिजनों का कहना है कि इस पूरे मामले में साहिल के साथ राहुल का एक जान-पहचान वाला युवक नीरज भारती भी शामिल हो सकता है। राहुल के पिता ने बताया कि घटना के दिन आखिरी बार राहुल की बात नीरज से ही हुई थी। इसलिए दोनों पर शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।मनोज भारती का परिवार मूल रूप से बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है और पिछले 50 साल से फरीदाबाद में रह रहा है। मनोज खुद ड्राइवरी का काम करते हैं और राहुल उनका सबसे छोटा बेटा था। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी अभी अविवाहित है।

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF DESIGN
AHMEDABAD

प्रवेश 2026–27

बैचलर ऑफ डिज़ाइन
(बी.डिज़ा. - 4 वर्षीय)

एनआईडी अहमदाबाद, एनआईडी आंध्र प्रदेश, एनआईडी असम, एनआईडी हरियाणा और एनआईडी मध्य प्रदेश में प्रस्तावित

मास्टर ऑफ डिज़ाइन
(एम.डिज़ा. - 2.5 वर्षीय)

एनआईडी अहमदाबाद (और गांधीनगर तथा बेंगलुरु में इसके विस्तार परिसरों) में प्रस्तावित

अधिक जानकारी हेतु और ऑनलाइन आवेदन करने के लिये कृपया पधारें :
https://admissions.nid.edu

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एनआईडी) इसके बैचलर ऑफ डिज़ाइन और मास्टर ऑफ डिज़ाइन कार्यक्रमों हेतु डिज़ाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (डीएटी) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

एनआईडी अहमदाबाद, एनआईडी आंध्र प्रदेश, एनआईडी असम, एनआईडी हरियाणा और एनआईडी मध्य प्रदेश राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान अधिनियम 2014 और 2019 के आधार पर राष्ट्रीय महत्व के स्वायत्त संस्थान हैं। ये एनआईडीएस उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोन्नति विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार (जीओआई) के तहत वैधानिक संस्थान हैं।

बी.डिज़ा. और एम.डिज़ा. हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने के लिये अन्तिम तिथि
सोमवार, 01 दिसम्बर 2025

केवल https://nid.edu एनआईडी अहमदाबाद की अधिकारिक वेबसाइट है। नकली वेबसाइट्स से सचेत रहें।

सीबीसी–05216/12/0002/2526

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से बीएसएफ जवान की मौत

**पटना।** लोक आस्था के पर्व छठ की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब छुट्टी पर घर आए



बीएसएफ जवान जवाहर झा की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा शनिवार रात सहरसा शहर के नया बाजार मोहल्ला स्थित उनके घर में हुआ। मृतक जवाहर झा (35 वर्ष) मूल रूप से बनमा ईटहरी प्रखंड के सुगमा गांव के निवासी थे और वर्तमान में झारखंड के हजारीबाग में बीएसएफ में तैनात थे। वे छठ मनाने के लिए छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। वे अपने घर में पानी की मोटर का तार ठीक कर रहे थे, तभी अचानक करंट लगने से वे बुरी तरह झुलस गए।

### युवक पर चापड़ से हमला, आतें बाहर निकली

**कानपुर।** कानपुर में रावतपुर के विनायकपुर में शनिवार रात को मेडिकल स्टोर पर दवा लेने के



दौरान पुरानी रंजिश में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। मेडिकल स्टोर संचालक ने साथियों के साथ दवा लेने आए युवक पर चापड़ से हमला कर दिया। युवक की पेट की आतें बाहर निकली आईं। हाथ की उंगलियां भी कट गई और सिर में 14 टांके आए हैं। गंभीर हालत में उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाय घायल के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी।

### बस में लगी आग, 40 यात्री बाल-बाल बचे

**रांची।** रांची में एक चलती बस में अचानक आग लग गई, हालांकि



गनीमत रही कि बस में सवार 40 से अधिक यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हादसा रांची-लोहरदगा हाईवे पर हुआ जब बस राज्य की राजधानी से चतरा की ओर जा रही थी। मंदर थाना प्रभारी मनोज कर्माली ने बताया, "बस में करीब 45 यात्री सवार थे। बस जैसे ही मंदर बाजार के पास पहुंची, अचानक उसमें आग लग गई। सौभाग्य से चालक ने समय रहते बस रोक दी और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# छठ महापर्व की धूम, खरना में खीर-रोटी प्रसाद के बाद शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत

## लोक आस्था का महापर्व छठ, सूर्य देव की पूजा की तैयारियां जोरों पर

एजेंसी ▶▶ हापुड़

पूरे बिहार में लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। रविवार यानी आज खरना है। चार दिवसीय महापर्व के पहले दिन व्रतियों ने गंगा सहित प्रमुख नदियों में स्नान और भगवान भास्कर की पूजा की। व्रतियों ने स्नान के बाद कद्दू, अरवा चावल, चना दाल, आंवले की चटनी आदि से बना प्रसाद ग्रहण किया।

साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया। रविवार को खरना के लिए मिट्टी के चूल्हे और आम की लकड़ी के जलावन से अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर, रोटी आदि का प्रसाद तैयार करेंगे। ज्योतिषाचार्य पीके युग के



अनुसार खरना प्रसाद सूर्यास्त के बाद ग्रहण करने का विधान है। बिहार में सूर्यास्त शाम 5.11 बजे के बाद हो रहा है। खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती भगवान भास्कर के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करेंगे।

पटना में आस्था, रोशनी और पारंपरिक उल्लास का माहौल है क्योंकि चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। पूरे शहर में, बाज़ारों से लेकर गंगा के ऐतिहासिक घाटों तक, सूर्य देव की पूजा की तैयारियां ज़ोरों पर हैं। हर नुक्कड़ पर लगे लाउडस्पीकर और घरों के म्यूजिक सिस्टम से छठ के पारंपरिक लोकगीत गूंज रहे हैं, जो बिहार के इस 'महापर्व' के लिए आध्यात्मिक माहौल बना रहे हैं।

पटना जिला प्रशासन और नगर निगम ने श्रद्धालुओं के लिए 91 बड़े घाटों और 62 तालाबों को तैयार किया है। इन जगहों की सफाई की गई है और इन्हें जगमगाती रोशनी और खूबसूरत सजावट से सजाया गया है। छठ की खरीदारी कर रहे एक स्थानीय निवासी, अनूप कुमार ने कहा, यह पर्व पवित्रता और आभार व्यक्त करने के बारे में है, और सजे हुए घाट उस दिव्य भावना को पूरी तरह से दर्शाते हैं। घाटों पर पीने के पानी और अस्थायी चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और वॉचटावर लगाए गए हैं, और राष्ट्रीय व राज्य आपदा प्रतिक्रिया बलों को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने पहलवान, बंस, राजेंद्र पुल, कंठाई, बुद्ध और न्यू पंचमुखी चौराहा घाटों को खतरनाक घोषित किया है और श्रद्धालुओं को वहां जाने से मना किया है।

### छठ पर घर जाने की खुशी में बिहार जाने वाली ट्रेनें खचाखच

**कानपुर।** कानपुर में छठ पर्व के कारण दिल्ली और मुंबई से बिहार तथा पूर्वांचल जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है। घर जाने वाले यात्रियों को ट्रेनों में जगह नहीं मिल पा रही है जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़



रहा। लोग कोच के अंदर चादर बांधकर सफर कर रहे हैं। गेट से लेकर गैलरी और शौचालय तक पैर रखने की भी जगह मिल रही है। वहीं आरपीएफ, जीआरपी को भीड़ नियंत्रित करने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। नहाए-खाए के साथ शनिवार से छठ पर्व की शुरुआत हो चुकी है वही दूसरे राज्यों में नौकरी करने वाले लोग बिहार तथा पूर्वांचल लौट रहे हैं। वहीं दीपोत्सव के बाद छुट्टी मनाकर भी लोग नौकरी पर वापसी कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने अफसरों संग की समीक्षा बैठक

# अचानक हापुड़ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ गंगा में चढ़ाया दूध, आरती में लिया भाग

एजेंसी ▶▶ हापुड़

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर 01:20 बजे गढ़मुक्तेश्वर पहुंच गए। जहां पर हैलीपेड से उतरकर उन्होंने गंगा में दूध चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने आरती में भाग लिया।*

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अचानक से हापुड़ पहुंच गए। दोपहर 01:20 बजे हेलीकाप्टर से उतरने के बाद वह सीधे गढ़मुक्तेश्वर गए, जहां पर उन्होंने गंगा में दूध चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। बाद में उन्होंने आरती में भाग लिया। इसके बाद वह पैदल कार्तिक मेले के मुख्य द्वार पर पहुंचे और पैदल ही कुछ दुकानों का निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक शुरू कर दी। मुख्यमंत्री का गढ़मुक्तेश्वर पहुंचने पर अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। गढ़मुक्तेश्वर की पावन धरा में इन कार्तिक मास के प्राचीन गंगा मेले का आयोजन हो रहा है। मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम शनिवार देर शाम को अधिकारियों को मिला था। जिसके बाद अधिकारियों ने मेला स्थल के पास में हैलीपेड से लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए थे। रविवार सुबह से ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे हुए थे।

रविवार दोपहर 01:20 बजे मुख्ययमंत्री का हैलीकॉप्टर हैलीपैड पर पहुंचा। जहां पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री हैलीपेड से सीधे गंगा घाट पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने दूध चढ़ाया और पूजा में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने गंगा की आरती की। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्तिक मेले के लिए बनाए गए मुख्य द्वार पर पहुंचे और पैदल ही दुकानों का निरीक्षण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ में समीक्षा बैठक शुरू कर दी।

*सीएम ने पैदल ही कुछ दुकानों का निरीक्षण किया*

*अधिकारियों ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए*

*मुख्यमंत्री का अधिकारियों ने स्वागत किया*



### सीएम योगी आज लखीमपुर में 3 दिवसीय सत्संग और क्षमा देव स्मृति दिवस समापन में होंगे शामिल

**लखीमपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज (सोमवार, 27 अक्टूबर) को लखीमपुर खीरी के अलीगंज क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध कबीरधाम मुस्तफाबाद पहुंचेंगे। वे यहां आयोजित तीन दिवसीय असंग साहब जी महाराज के सत्संग और क्षमा देव स्मृति दिवस के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है। बता दे कि सुबह 10:30 बजे मुख्यमंत्री 5, कालिदास मार्ग लखनऊ से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे। 10:35 बजे वे ला मार्टीनियर कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ हेलीपैड पहुंचेंगे और 10:40 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से लखीमपुर खीरी के लिए उड़ान भरेंगे। 11:10 बजे मुख्यमंत्री का आगमन विश्व कल्याण आश्रम, कबीरधाम मुस्तफाबाद स्थित हेलीपैड पर होगा। इसके बाद, 11:15 बजे वे कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर स्मृति प्राकट्योत्सव मेला में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात 12:15 बजे मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान करेंगे। 12:20 बजे वे हेलीपैड पहुंचेंगे और 12:25 बजे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12:55 बजे मुख्यमंत्री का आगमन ला मार्टीनियर कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ में होगा।



## संजीत ने बाघ से संघर्ष कर बचने की पूरी कोशिश की

# खेत में काम कर रहे किसान को बाघ ने नोचकर मार डाला

एजेंसी ▶▶ बहराइच

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुखिया फार्म में सरयू नहर पुल के पास रविवार शाम करीब चार बजे बाघ के हमले में किसान संजीत कुमार (21) की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार वह हल्दी के खेत में निराई कर रहे थे, तभी जंगल से निकले बाघ ने उनपर हमला कर दिया। संजीत की चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हांका लगाना शुरू किया। इस बीच संजीत ने बाघ से संघर्ष कर बचने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। ग्रामीणों के शोर मचाने के बावजूद आधे घंटे बाद बाघ मौके से हटा। थानाध्यक्ष सुजौली प्रकाश चंद्र शर्मा और रेंजर सुजौली रोहित कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। डीएफओ सूरज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि संजीत करवत लेने के लिए 13 नंबर साइफन क्षेत्र की ओर गए थे। यह बाघ, हाथी और गैंडों का मुख्य प्रवास स्थल है। उसी दौरान बाघ ने हमला कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**10 महीने में पांच की मौत**

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में धर्मापुर के बाद सुजौली रेंज में भी बाघों के हमले होने से ग्रामीण सहमे हुए हैं। वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र में जनवरी से अब तक बाघ के हमलों में पांच लोगों की जान जा चुकी है।

बाघों की दहाड़ से थर्राए ग्रामीण, हमले में अब तक पांच की हो चुकी है मौत

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में



धर्मापुर के बाद अब सुजौली रेंज में भी बाघों के हमले शुरू हो गए हैं। इस माह बाघ के हमले में दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि जनवरी से अब तक बाघ के हमलों में पांच लोगों की जान गई है। रविवार को मुखिया फार्म में हुए हमले में युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सुजौली रेंज के रमपुरवा मुखिया फॉर्म निवासी संजीत कुमार (21) की रविवार को बाघ के हमले में मौत के बाद से गांव के लोग दहशत में हैं, वहीं परिजन बिलख रहे हैं। पत्नी, मां और बच्चों की आंखों से आंसू थम नहीं रहे। घर में मातम पसरा हुआ है। गांव के लोग अब खेत की ओर जाने से भी डर रहे हैं। इससे पहले जनवरी में भी इसी रेंज में एक ग्रामीण बाघ का शिकार हो चुका है। धर्मापुर रेंज में भी एक माह के भीतर हमलों में एक युवक की मौत हो चुकी है, जबकि तीन लोग अब तक घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांवों के आसपास कम से कम दो से तीन बाघ लगातार घूम रहे हैं, लेकिन अब तक न तो पिंजरा लगाया गया है और न ही ट्रैकिंग टीम नियमित रूप से गश्त कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के कर्मचारी मौके पर सिर्फ दिखावे के लिए पहुंचते हैं और औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं।

## पेज एक का शेष....

### 21वीं सदी...

रहा है। हम शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूती से बढ़ावा दे रहे हैं। 21वीं सदी हमारी सदी है। यह भारत और आसियान की सदी है। मुझे विश्वास है कि आसियान सामुदायिक विज़न 2045 और विकसित भारत 2047 का उद्देश्य पूरी मानवता के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।

### सांस्कृतिक संबंधों का ...

आसियान की केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन किया है।

### भारतीय नस्ल के ....

हाउंड (उत्तर प्रदेश) और मुधोल हाउंड (कर्नाटक व महाराष्ट्र) नस्लों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन श्वानों की क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए उनके लिए ट्रेनिंग मैनुअल को भी नए सिरे से तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि बेंगलुरु में स्थित सीआरपीएफ के डॉग ब्रीडिंग एंड ट्रेनिंग स्कूल में मोंग्रेल्स, मुधोल हाउंड, कोम्बाई और पांडिकोना जैसी भारतीय नस्लों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### थैलेसीमिया पीड़ित सात...

पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाया था। 18 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। शनिवार को जांच की तो 6 और बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव निकली।

### शराब पीकर गाड़ी...

वाला शराबी थोड़ा समझदार और जिम्मेदार होता तो ऐसा कुछ नहीं होता।

### नौका विहार करेंगी ....

छठ माता की पूजा करने के साथ ही अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देंगे। पूजा में ठेकुआ समेत घर में बने पकवान, ऋतु फल व सब्जी का उपयोग किया जाएगा। छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार पंचमी तिथि पर खरना व्रत किया गया। इस दौरान निर्जल उपवास रखने के बाद शाम को खीर रोटी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। राजधानी दिल्ली में करीब चार लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा करेंगे। यमुना घाट को भव्य तरीके से सजाया गया है। यहां दीए तालाब में छोड़े जाएंगे। वहीं छठ मैया को नौका विहार कराया जाएगा।

### 8000 स्कूलों में एक...

के आंकड़े के अनुसार, 7,993 स्कूल में कोई दाखिला नहीं हुआ जो पिछले वर्ष की 12,954 की संख्या से 5,000 से अधिक कम है। इस बीच, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में ऐसा कोई स्कूल नहीं था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, राज्यों को विद्यालयों में शून्य दाखिले के मुद्दे का समाधान करने की सलाह दी गई है। कुछ राज्यों ने बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों जैसे संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए कुछ विद्यालयों का विलय कर दिया है। आंकड़े के अनुसार, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव तथा चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में कोई भी स्कूल शून्य दाखिले वाला नहीं था। दिल्ली में भी कोई भी स्कूल ऐसा नहीं था जहां 2024-25 में शून्य दाखिला हो। ऐसे विद्यालयों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या तेलंगाना (2,245) में है। उसके बाद मध्य प्रदेश (463) का स्थान है। तेलंगाना में इन विद्यालयों में 1,016 शिक्षक कार्यरत थे, जबकि मध्य प्रदेश में 223 शिक्षक कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश में ऐसे 81 स्कूल हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने घोषणा की थी कि वह राज्य भर में अपने ऐसे संबद्ध विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की तैयारी कर रहा है, जिन्होंने पिछले तीन लगातार शैक्षणिक वर्षों से शून्य छात्र पंजीकृत दर्ज किया है।

### एक लाख से अधिक...

महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, जब एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में छात्रों के पंजीकरण की बात आती है, तो उत्तर प्रदेश सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश का स्थान है। एकल-शिक्षक विद्यालयों की संख्या 2022-23 में 1,18,190 से 2023-24 में घटकर 1,10,971 हो गई। इसमें लगभग छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### इन राज्यों में शून्य...

करने की सलाह दी गई है। आंकड़ों के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव और चंडीगढ़ में शून्य नामांकन वाला कोई स्कूल नहीं था। दिल्ली में भी शून्य नामांकन वाला कोई स्कूल नहीं था।

### जल जीवन मिशन...

सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया गया है। देशभर में जल जीवन मिशन की सफलता की कई मिसालें सामने आई हैं। महाराष्ट्र के मपान गांव में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह ने नल जल योजना का संचालन संभालकर 100 प्रतिशत बिल वसूली सुनिश्चित की और 1.70 लाख रुपए की आय अर्जित की है। नगालैंड के वोक्हा में स्थानीय समुदायों ने जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए रिचार्ज पिट और पौधारोपण किया। असम के बोरबोरी गांव में नल जल और स्वच्छता अभियान के चलते 2022-23 में 27 जलजनित बीमारियों के मामलों से घटकर अब शून्य मामले रह गए हैं। राजस्थान के बोथरा गांव में चेक डैम और ट्रेंच निर्माण से जल स्तर में 70 फीट की वृद्धि हुई। पश्चिम बंगाल में 'जल मित्र' ऐप ने निगरानी व्यवस्था को डिजिटल बना दिया है, जिससे अब तक 13.70 करोड़ सामुदायिक गतिविधियों की ट्रैकिंग हो चुकी है और 4,522 "जल बचाओ समितियों" को सहायता मिली है। यह मिशन न केवल स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा रहा है बल्कि ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक प्रगति का नया अध्याय भी लिख रहा है।

## ऊतकों में जमा पाउडर नहीं भरने दे रहा घाव

# कार्बाइड पटाखों ने 12 रोगियों से छीन ली एक आंख की रोशनी

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर में कार्बाइड पटाखों से जले रोगियों के आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब तक 12 रोगियों की एक आंख की रोशनी चली गई है। शनिवार को हैलट में 12 रोगी प्लास्टिक सर्जरी और नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में आए। निजी नेत्र रोग विशेषज्ञों के यहां भी रोगी पहुंचे। कार्बाइड से जले रोगियों का इलाज आम पटाखों से जलने वालों से अलग है। जख्म की गहराई में जमा पाउडर घाव भरने में मुश्किल पैदा करता है। विशेषज्ञों को कार्बाइड पटाखों से जले रोगियों के इलाज में मुश्किल आ रही है। हैलट के नेत्र रोग विभाग में अब तक 75 रोगी



आए। इनमें आठ रोगियों के एक आंख की रोशनी पटाखों से जलने की वजह से चली गई। अन्य अस्पतालों और डॉक्टरों के यहां रोगी इलाज करा रहे हैं।

नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में पटाखों से जले 10 रोगी आए। प्लास्टिक सर्जरी विभाग में दो रोगी आए। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रेम शंकर ने बताया कि अभी सात रोगी भर्ती हैं। कार्बाइड पटाखों का जख्म गहरा होता है। पाउडर ऊतकों में भर जाता है।

## राजस्थान से दबिश देकर लौट रही थी टीम

# पुलिस की कार खड़े ट्रक में घुसी दो की मौत, पांच लोग घायल



एजेंसी ▶▶ आगरा

आगरा के फतेहपुरसीकरी क्षेत्र में रविवार सुबह पुलिस की कार हादसे का शिकार हो गई। जयपुर हाईवे पर कार खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक पुलिसकर्मी समेत दो लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं। आगरा के थाना निबोहरा में दर्ज एक गुमशुदगी के मामले में पुलिस टीम सूरतगढ़, राजस्थान में दबिश देने गई थी। रविवार सुबह पांच बजे करीब टीम वापस लौट रही थी। फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में जयपुर हाईवे स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास कार खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे से चीखपुकार मच गई। स्थानीय पुलिस पहुंच गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हादसे में निबोहरा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल गौरव प्रताप सिंह एवं कार चालक देव पुत्र मंगल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उपनिरीक्षक गौरव कुमार सहित पांच लोग घायल हो गए।

## दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# मोबाइल देखने से सिकुड़ रही नसें...बिगड़ रही दिमागी हालत, चिकित्सकों ने दी ये सलाह

एजेंसी ▶▶ आगरा

कार्यशाला में चिकित्सकों ने बताया कि स्क्रीन एडिक्शन से हर तीसरा व्यक्ति प्रभावित हो रहा है। देर रात तक बेवजह मोबाइल-लैपटॉप देखने से सिर में दर्द, आंखों की नजर कमजोर, नस और चेहरे पर सूजन समेत अन्य परेशानी हो रही हैं।

युवाओं में बढ़ते मानसिक विकार में नशाखोरी बड़ी वजह बन रहा है। इससे मरीजों की नस सिकुड़ने और अवसाद के शिकार होने के केस आ रहे हैं। फतेहाबाद रोड स्थित होटल में एसोसिएशन




फॉर क्लिनिकल साइकेट्री (एसीपी) की दो दिवसीय कार्यशाला में चिकित्सकों ने इस पर चिंता जताई। ऑनलाइन इलाज से मानसिक विकारों के गंभीर बनने के खतरों पर भी डॉक्टरों ने व्याख्यान दिया। एसीपी के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. यूसी गर्ग ने बताया कि युवा नशे की लत को पूरा करने के लिए कई तरह के खतरनाक मादक पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं। इसका दुष्प्रभाव दिमाग समेत शरीर के सभी अंगों पर पड़ रहा है। इससे नींद, भूख और याददाश्त प्रभावित हो रही है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति से नस सिकुड़ने, अवसाद और सिजोफ्रेनिया की बीमारी मिल रही है। आयोजन अध्यक्ष डॉ. केसी गुरनानी ने बताया कि स्क्रीन एडिक्शन से हर तीसरा व्यक्ति प्रभावित हो रहा है। देर रात तक बेवजह मोबाइल-लैपटॉप देखने से सिर में दर्द, आंखों की नजर कमजोर, नस और चेहरे पर सूजन समेत अन्य परेशानी हो रही हैं। भूख-प्यास भी प्रभावित हो रही है।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

## लाइफ Style


# उर्वशी

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।



## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'




# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।



**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ


*मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

भू- अर्जन के मामलों में नाम दर्ज न होने की वजह से लिटिगेशन के मामले बढ़े, सैकड़ों मामले कोर्ट में

# भू-अर्जन के बाद अभिलेख में संबंधित विभाग का नाम दर्ज नहीं होने पर शासन ने सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, मप्र सड़क विकास निगम की परियोजनाओं के निर्माण के लिए अर्जित भूमि का नामांतरण के बाद राजस्व अभिलेख में नाम अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में भू- अर्जन की कार्रवाई होने के बाद भी संबंधित विभाग का नाम दर्ज नहीं होता। इस वजह से कालांतर में विभिन्न तरह के विवाद की स्थिति बनी रहती है।

कलेक्टरों से कहा गया है कि वह भू अर्जन के बाद तत्काल बाद संबंधित विभागों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराएं। यदि इसमें किसी भी तरह की कोताही पाई गई तो इसके लिए संबंधित जिलों के कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। राज्य शासन की तरफ से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में मप्र के सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज करने का पत्र दिया है।



### दस्तावेजों में संबंधित विभाग का नाम अद्यतन नहीं करते

विभाग ने कहा कि अभी देखने में आया है कि कई कलेक्टर भू-अर्जन के बाद भी दस्तावेजों में संबंधित विभाग का नाम अद्यतन नहीं करते। इस वजह से अक्सर विवाद की स्थिति पैदा होती है। इस विवाद की वजह से कई मामले कोर्ट में पेंडिंग है। इस वजह से विभाग का समय अनावश्यक रूप से जाया होता है। विभाग ने कलेक्टरों से कहा कि अपने अधीनस्थ राजस्व अमले को भू अर्जन की कार्रवाई के बाद राजस्व अभिलेख में संबंधित विभाग का नाम दर्ज करने के लिए निर्देशित करें।

### विवाद की स्थिति न हों

कलेक्टरों से कहा गया कि विभाग का नाम दर्ज नहीं होने के कारण इसमें भविष्य में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। पीडब्ल्यूडी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे, मप्र सड़क विकास निगम की विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण, उन्नयन के लिए समय-समय पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय तथा मप्र शासन लोक निर्माण विभाग के पक्ष में निजी भूमि का अर्जन किया जाता है। इस संबंध में भू अर्जन की कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956, रेलवे एक्ट 1989, भू अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 तथा मप्र की आपसी सहमति क्रय नीति 2014 के तहत भू-अर्जन अधिकारी तथा सक्षम प्राधिकारी भू अर्जन के माध्यम से की जाती है।

## वित्त ने बजट दिया फिर भी 16 विभाग नहीं दे रहे 72 हजार बिजली बिलों के 406 करोड़ रुपए

एसीएस, पीएस को बिजली कंपनियों ने लिखा पत्र, बिजली कंपनी ने जारी किए नोटिस

प्रदेश के सोलह सरकारी महकमों पर 72 हजार 900 बिजली बिलों की 406 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि बकाया है। ये महकमें लगातार नोटिसों के बाद भी बिजली बिलों का भुगतान नहीं कर रहे है सर्वाधिक बकाया राशि नगरीय विकास एवं आवास विभाग पर 125 करोड़ 62 लाख रुपए और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 102 करोड़ 32 लाख रुपए है। हालांकि वित्त विभाग ने बजट दिया है मगर विभाग भुगतान नहीं कर रहे है।

### अफसर भुगतान के संबंध में विभागों को जारी कर चुके निर्देश

*नगरीय विकास एवं आवास विभाग में 12 हजार 3 बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 17 हजार 49 बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 9 हजार 965 बिलों की 34 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि का बकाया बिल नहीं चुकाया है। स्कूल शिक्षा विभाग को 18 हजार 539 बिलों के 29 करोड़ 64 लाख रुपए चुकाना बाकी है। स्वास्थ्य महकमा भी मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का बकायादार है । उसे 1 हजार 910 बिलों के 21 करोड़ 7 लाख रुपए चुकाना बाकी है। जलसंसाधन विभाग ने ही 497 बिलों के 13 करोड़ 97 लाख रुपए नहीं चुकाए है। गृह विभाग ने 2070 बिजली बिलों के 10 करोड़ 49 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया है। पीएचई को 445 बिलों के 11 करोड़ 35 लाख रुपए चुकाना है। आदिम जाति कल्याण विभाग ने 6 करोड़ 87 लाख, राजस्व विभाग ने 3 करोड़ 76 लाख रुपए बकाया है।*

**खबर संक्षेप**

### डॉ. खेमरिया बने दिव्यांगजन आयुक्त

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्य सरकार ने बड़ी नियुक्ति की है। डॉ. अजय खेमरिया को प्रदेश का दिव्यांग जन आयुक्त नियुक्त किया है। राज्य स्तरीय सर्च कमेटी की



अनुशंसा पर उन्हें यह अहम दायित्व दिया गया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि डॉ. अजय खेमरिया का दिव्यांग जन आयुक्त का यह पद प्रदेश शासन के सचिव के समकक्ष रहेगा। वे पहले भी अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। मध्यप्रदेश में दिव्यांग जन आयुक्त को खासे अधिकार प्रदत्त हैं। दिव्यांग जन आयुक्त का कार्यालय दिव्यांगजन न्यायालय के रूप में कार्य करता है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रवर्तन का कार्य भी इसके जिम्मे है। राज्य शासन ने शिवपुरी में दिव्यांगजनों के लिए संचालित मंगलम संस्था के संचालक डॉ. अजय खेमरिया को मप्र का दिव्यांगजन आयुक्त बनाया है। यह पद राज्य सरकार के सचिव के समकक्ष रहेगा।

### एमवीएम की प्राचार्या के खिलाफ विरोध, दिया ज्ञापन

**भोपाल।** राजधानी स्थित मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम) की प्रभारी प्राचार्य गीता मोदी के कर्मचारी विरोधी रवैए और प्रशासकीय लापरवाही के खिलाफ महाविद्यालयीन कर्मचारियों ने विरोध जताया है। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक को महाविद्यालयीन तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के हितों की अनदेखी के मद्देनजर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विभागीय मंत्री इंदरसिंह परमार को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हटाए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में वरिष्ठ कर्मचारी नेता और संगठन प्रमुख शीलप्रताप सिंह पुंढीर, महासचिव डॉ देवी सिंह सनोदिया, उपाध्यक्ष भगवान सिंह ठाकुर, महामंत्री व्यासमुनि मुनि चौबे, जिलाशाखा भोपाल के अध्यक्ष प्रणव खरे, प्रांतीय उच्च शिक्षा विभागीय समिति के अध्यक्ष लाला राम रैकवार, संगठन प्रदेश दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल शर्मा, प्रांतीय सचिव सुग्रीव सिंह, विनोद सिन्हा, विभागीय समिति पीएचई अध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रमेश बाबसकर, जिला मीडिया प्रमुख सूर्यकांत मिश्रा आदि कर्मचारी नेताओं द्वारा संयुक्त बयान जारी किया गया है।

### निगम के कर्मचारी संगठनों की हुई बैठक

**भोपाल।** नगर निगम के कर्मचारी संगठनों की सर्वदलीय बैठक शनिवार को हुई। इसमें निगम के सभी वर्गों के कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके लिए जल्द संयुक्त मोर्चा बनाने पर सहमति बनी। बैठक में सर्वसम्मति से कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए दूसरी बैठक जल्द आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्याम लाल, मोहम्मद इरफान खान, अशोक वर्मा, रवि सबनानी, अनिल श्रवण, वसी मोहम्मद खान, मोहम्मद हामिद खान, दिलीप सेठी, सुनील गुजरे, रितेश मैना आदि मौजूद रहे।

हिसार में मनाया गया संत नामदेव जी महाराज का राज्य स्तरीय समारोह

# प्रेम, भक्ति और समानता का प्रतीक रहा संत नामदेव का जीवन : मुख्यमंत्री



**हिसार ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि संत नामदेव जी का जीवन प्रेम, भक्ति और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत और असमानता को मिटाकर मानवता को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित संत नामदेव जी महाराज राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज की ओर से रैली के संयोजक सतबीर वर्मा द्वारा रखी गई मांग के अनुसार प्रदेश में किसी एक सरकारी संस्थान का नाम संत नामदेव जी महाराज के नाम पर रखने की घोषणा की।

### मुख्यमंत्री सैनी बोले मानव को मानव से जोड़ना ही सच्चा धर्म

साथ ही, उन्होंने कहा कि भिवानी, पानीपत और नारनौल में समाज द्वारा जमीन के लिए आवेदन करने पर नियमानुसार भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। इनके अलावा समाज द्वारा दी गई अन्य मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर पूरा करवाने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत नामदेव जी हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश देखते थे और इसी भाव से उन्होंने समाज में फैली जातिवाद, छुआछूत और असमानता जैसी बुराइयों को मिटाने का काम किया।

### विकसित भारत के विजन को साकार करने में संतों-महापुरुषों की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 21वीं सदी के विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं, तब संत नामदेव जी की शिक्षाएं हमारे लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जब देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आगे बढ़ रहा है, तो यह मंत्र भी संत परंपरा से ही प्रेरित है। उन्होंने कहा कि संत-महात्मा, गुरु और महापुरुष न केवल हमारी अमूल्य धरोहर हैं बल्कि हमारी प्रेरणा भी हैं। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर हैं। उनकी विरासत को सम्भालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

### पहले की सरकारें ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करती थी

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 से ओबीसी आयोग ही नहीं था। उस समय की सरकार ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक के लिए इस्तेमाल करती थी, लेकिन उन्हें उनके अधिकार कभी नहीं मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी आयोग बना कर ओबीसी वर्ग के लोगों को उनके अधिकार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीब व्यक्ति का हमेशा शोषण किया है। वोट बैंक की राजनीति ही की है। हरियाणा में वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने गरीबों को 100-100 गज के प्लॉट देने की बात कही थी, लेकिन किया कुछ नहीं।

### नलवा रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सौगातों का ऐलान



**हिसार।** नलवा धन्यवाद रैली में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते आयोजक।

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नलवा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आजाद नगर में अर्बन हेल्थ सेंटर का निर्माण जल्द शुरू होगा। पनिहार चक में भूमि उपलब्ध होने पर सब हेल्थ सेंटर खोला जाएगा और आजाद नगर के एक प्राइमरी स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पनिहार फार्म पर आयोजित नलवा धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे।

### मंगाली सब तहसील, बालसमंद तहसील और आदमपुर उपमंडल में होंगे अपग्रेड

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगाली को सब तहसील, बालसमंद को तहसील और आदमपुर को उपमंडल दर्जा देने के प्रस्ताव पर कहा कि राज्य सरकार ने इसके लिए एक कमेटी का गठन किया है। संबंधित आवेदन कमेटी को प्रस्तुत किए जाने पर इस मांग को पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही, सिवानी उपमंडल को भिवानी जिले से हिसार जिले में शामिल करने के लिए आवश्यक फिजिबलिटी चेक करवाने के बाद नॉर्म्स पुरे होने पर इसे हिसार जिले में शामिल किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### दिग्विजय का आरोप- दवा कंपनियों से भाजपा को मिला 945 करोड़ चंदा

**भोपाल।** एमपी में जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण दो दर्जन बच्चों की मौतों के मामले में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा मांगा है। भोपाल में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2 सितंबर से अब तक परासिया में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण 26 बच्चों की मौतें हुई है। उन बच्चों को वह दवा दी गई, जिसमें डायथलीन ग्लायकॉल की मात्रा 48.6% से ज्यादा थी, जबकि 0.01% ज्यादा नहीं होना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि 2 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री जो एमपी के स्वास्थ्य मंत्री भी हैं उन्होंने क्लीनचिट दी कि इसमें कोई गड़बड़ नहीं ऐसे व्यक्ति का क्या इस्तीफा नहीं होना चाहिए था? दिसंबर 2022 और 2023 में हिंदुस्तान में बनी डीईजी के कारण उज्बेकिस्तान में 18 बच्चे मारे थे। इसकी जानकारी देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के पास थी, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस पर रोक नहीं लगाई। पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दवा कंपनियों से इलेक्टोरल बॉन्ड डोनेशन के नाम पर 945 करोड़ रुपए का चंदा लिया। इन कंपनियों में 35 फर्म ऐसी थीं, जिनकी दवाओं की गुणवत्ता निर्धारित मापदंडों पर खरी नहीं पाई गई।

**जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप से बच्चों की मौत के मामले में उप मुख्यमंत्री शुक्ल का मांगा इस्तीफा**

माओवादियों में 13 महिला कैडर और 8 पुरुष कैडर शामिल

## 21 नक्सलियों ने हथियारों के साथ किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन के तहत एक बार फिर सफलता मिली है। कांकेर में 21 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

18 हथियारों के साथ माओवादियों ने समर्पण किया है। इन 21 नक्सल कैडरों में 4 डीवीसीएम (डिवीजन वाइस कमेटी मेंबर) 09 एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) और 08 पार्टी सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में 13 महिला कैडर और 8 पुरुष कैडर शामिल हैं। सरेंडर करने वालों में डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी मुकेश भी शामिल है।

### संविधान की प्रति, फूल प्रदान किया

*इससे पहले छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य क्षेत्र में 208 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। इनमें 110 महिलाएं और 98 पुरुष शामिल थे। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को संविधान की कॉपी और गुलाब का फूल दिया गया। इन्हें अब सरकार की पुनर्वास योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही, अबूझमाड़ का अधिकांश हिस्सा नक्सली प्रभाव से मुक्त हो जाएगा और बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर के बाद माना जा रहा है कि उत्तरी बस्तर में काफी हद तक लाल आतंक का अंत हो जाएगा। अब केवल दक्षिणी बस्तर ही बचा है। आत्मसमर्पण के दौरान कुल 153 हथियार भी अधिकारियों को सौंपे गए।*

बघेलखंड सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुआ समारोह

## प्रदेश को आलोकित करती है विंध्य की छटा, प्रकृति और विद्वता से भरपूर है विंध्य की धरा: तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विंध्य की धरा प्रकृति और विद्वता से भरपूर है। विंध्य प्रदेश के विलीनीकरण के बाद यहां की छटा मप्र को आलोकित करती रही है। यह बात शनिवार को मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बघेल खंड सांस्कृतिक भवन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान कहीं।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न सेवाओं के लिए चयनित 59 प्रतिभाओं का शॉल श्रीफल के साथ सम्मान भी किया। इस मौके पर राज्यमंत्री राधा सिंह के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा और कमलाकर सिंह भी मौजूद थे। तोमर ने प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजनैतिक दायित्वों के कारण विंध्य क्षेत्र और उसके लोगों से काफी पुराना संपर्क है, लेकिन यह पहला कार्यक्रम है जो सदैव यादगार रहेगा। इस दौरान उन्होंने राजनीति व विद्वत्ता की दृष्टि से महाराज मार्तण्ड सिंह, कैप्टन अवधेश प्रताप सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी और यमुना प्रसाद शास्त्री को याद करते हुए कहा कि मप्र को बढ़ाने में इनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। इस मौके पर बघेल खंड सांस्कृतिक भवन के अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने बघेली बोली को लेकर अपने संस्मरण साझा किए।

**विधानसभा अध्यक्ष ने चयनित 59 प्रतिभाओं का शॉल-श्रीफल के साथ सम्मान किया**

शराब पीने से मना किया, तो 112 गाड़ी की छीनी चाबी

## नशेड़ियों ने पुलिस टीम पर बेखौफ हमला किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जामुल थाना क्षेत्र में बीच सड़क शराब पार्टी कर रहे लोगों को मना करने पर डायल-112 के पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए डायल 112 गाड़ी की चाबी भी छीन ली। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जामुल थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह बताया कि 23 अक्टूबर की रात जामुल थाने की पुलिस पेट्रोलिंग टीम रावण भाठा क्षेत्र में लड़ाई झगड़े की सूचना पर गई थी। वहां से वापस



लौटते समय पुलिस टीम ने शिवपुरी मोड़ के पास सड़क किनारे एक कार खड़ी देखी, जिसमें कुछ युवक तेज आवाज में गाने बजाकर शराब पार्टी कर रहे थे। जिन्हें डायल 112 में तैनात पुलिस जवानों ने समझाने की कोशिश की। जिससे वे भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए पुलिस जवान के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

मंत्रियों ने विदेशी महिला खिलाड़ियों से हुई घटना पर दी प्रतिक्रिया

आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर उसे कर लिया गया गिरफ्तार

## हमारी परंपरा 'अतिथि देवो भव:' की है, अतिथियों का सम्मान सर्वोपरि है, होगी सख्त कार्रवाई: मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर में महिला खिलाड़ियों के साथ हुई घटना को लेकर मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग एवं कृष्णा गौर ने



प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर आई विदेशी महिला खिलाड़ियों के साथ किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जा चुका है।

दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की घटिया मानसिकता वाला कार्य न कर सके। मंत्री सारंग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश सरकार 'महिला सम्मान', 'सुरक्षा' और 'न्याय' के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी महिला के साथ अन्याय या दुर्व्यवहार करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा न जाए। हमारी भारतीय संस्कृति में महिलाओं को पूजनीय माना गया है और 'अतिथि देवो भवः' हमारी परंपरा का अभिन्न अंग है। विदेशी महिला खिलाड़ियों के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल निंदनीय है बल्कि यह हमारे संस्कारों और सामाजिक मूल्यों के भी विपरीत है। भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार की घटनाओं को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करती।

### सरकार पूरी संवेदनशीलता से महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा के प्रति समर्पित: मंत्री कृष्णा

प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने कहा है कि सीएम ने इस घटना पर



तत्काल संज्ञान लेते हुए कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकरण को "चिन्हित अपराध" की श्रेणी में लाकर अति शीघ्र अन्वेषण पूर्ण कर चालान प्रस्तुत करने के लिए इंदौर पुलिस कमिश्नर को निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन को यह निर्देश दिए गए हैं कि विदेशी महिला क्रिकेट खिलाड़ी के साथ घटित इस घटना की गंभीरता के संबंध में न्यायालय को आग्रह किया जाए तथा इस प्रकरण के विचारण को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने हेतु अनुरोध किया जाए। मंत्री गौर ने कहा कि विदेशी मेहमान के सम्मान की जिम्मेदारी हमारी है। किसी ने भी इस प्रकार का अपराध किया है तो उसे भाजपा सरकार छोड़ेगी नहीं।

## चिंतन

# एक बार फिर अमेरिका ने अवैध प्रवासी भारत भेजे

अमेरिका से भेजे गए अवैध भारतीय प्रवासियों को जंजीर लगाए जाने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ सकता है। अमेरिका ने 50 युवकों को डिपोर्ट कर दिया है। इनमें से सबसे ज्यादा 16 युवक हरियाणा के करनाल और 14 कैथल जिले के हैं। इससे पहले जनवरी से जुलाई तक भी हरियाणा के 604 युवा डिपोर्ट हुए थे। ये सभी डंकी रूट से अमेरिका में घुसे थे। इनमें से कोई कई-कई साल से अमेरिका में रह रहा था, तो कोई कुछ महीने पहले ही गया। तब से ये युवा विदेश में ही रह रहे थे। इनमें से कुछेक को तो जेल में भी बंद किया हुआ था। डिपोर्ट किए गए सभी लोगों की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच है। इसी साल की जुलाई तक अमेरिका ने 7 महीने में अब तक कुल 1,703 भारतीय नागरिकों को देश से निर्वासित किया है, जिनमें 141 महिलाएं भी शामिल हैं। नागरिकों को अमेरिका से भारत डिपोर्ट किया जाना कोई नया नहीं है। यह लगातार चलता रहता है, लेकिन जिस तरह से ट्रंप प्रशासन बेड़ियों में जकड़कर भारतीयों को वापस भेज रहा है, वो चिंता का विषय है। ऐसे में सवाल ये है कि क्या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ कोई मुहिम चल रही है, जिसे रोकने में सरकार नाकाम रही है? इसका जवाब है, नहीं, ट्रंप सरकार एक व्यापक नीति के तहत अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेज रही है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारतीयों को ही निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका दुनिया भर से अवैध रूप से अमेरिका आए नागरिकों को उनके देश वापस भेज रहा है। अमेरिका का कहना है कि अवैध प्रवासियों के कारण कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध अप्रवासी वैसे विदेशियों को कहा जाता है कि जो बिना जरूरी दस्तावेज और अनुमति के वहां प्रवेश करते और रहते हैं। इनमें शामिल लोगों का इस प्रकार वर्गीकरण किया जा सकता है। वैसे लोग जो आव्रजन अधिकारी की स्वीकृति के बिना देश में प्रवेश करते हैं। वीजा अवधि या अस्थायी संरक्षित स्थिति की अवधि समाप्त होने के बाद भी जो लोग देश नहीं छोड़ते हैं। देश से निकाले जाने के बाद भी गलत तरीके से देश में प्रवेश करते हैं। अमेरिका की ट्रंप सरकार वीजा ओवर स्टे करने और अस्थायी संरक्षित स्थिति यानी काम करने के लिए अमेरिका में रहने का विशेष अधिकार की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां बने रहने वालों के प्रति सख्त रवैया अपना रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उनकी सरकार देश में अमेरिका फर्स्ट की नीति लागू कर रही है, जिसमें ये अवैध प्रवासी सबसे बड़े बाधक हैं। इनकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर खराब असर पड़ता है। इसके लिए डोनाल्ड ट्रंप एक नया कानून लेकर आए हैं, साथ ही उन्होंने जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने का आदेश भी दिया है। अमेरिका में चिह्नित किए गए 18 हजार अवैध प्रवासी भारतीय हैं। इनमें से कुछ वीजा ओवर स्टे करके रह रहे हैं, तो कुछ काम करने की अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद डंकी रूट से यहां घुसे हैं और रह रहे हैं। असल में हमारे युवाओं को डॉलर की चमक ने आकर्षित किया है। जो कम पढ़े-लिखे हैं, वो डंकी के रास्ते अमेरिका में प्रवेश कर रहे हैं। कुछ युवा ऐसे भी हैं, जिन्हें एजेंट ने लालच देकर विदेशों में पहुंचा दिया। अब अमेरिका सरकार उन्हें खदेड़ रही है। शनिवार को वापस आए अनेक युवा ऐसे हैं, जो अपनी जमीन बेचकर अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन अब वापस आ गए। न घर के रहे, न घाट के। इससे अच्छा है कि जो धन अमेरिका जाने के लिए खर्च किया, अगर उसी से देश में कोई कारोबार करते तो बेहतर होता।

## शताब्दी वर्ष

राजेश कुमार




# आरएसएस की समाज बदलाव के कार्यों में अग्रणी भूमिका

कल्पना कीजिए-साल 1925। देश अंग्रेज़ी शासन की बेड़ियों में जकड़ा है, और एक व्यक्ति, नागपुर की भूमि पर 17 लोगों के साथ यह संकल्प लेते हैं- "मैं भारत की आजादी के साथ-साथ हिंदुओं का संगठन करूंगा।" जो संघ की प्रारंभ की प्रतिज्ञा से स्पष्ट है - 'मैं भारत को स्वतंत्र, समृद्ध और वैभवशाली राष्ट्र बनाने के लिए तन, मन, धन अर्पित करूंगा।' उस समय यह विचार न किसी राजनीतिक नारे के रूप में था, न किसी विरोध के आंदोलन के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का बीज था, जिसे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने बोया। आज, सौ वर्ष बाद, वही बीज एक विराट वटवृक्ष का रूप ले चुका है-सेवा, संगठन, संस्कारों और समाज परिवर्तन के विस्तार के रूप में। डॉ. हेडगेवार ने केवल यह नहीं कहा कि समाज का संगठन होना चाहिए, बल्कि यह भी बताया कि यह कैसे संभव है। उन्होंने कोई भाषण या उपदेश मात्र नहीं दिया, बल्कि एक व्यवस्थित पद्धति तंत्र विकसित किया-"शाखा"। यह शाखा केवल शारीरिक व्यायाम का स्थान नहीं थी, बल्कि एक ऐसे राष्ट्रीय पुनर्जागरण का मंच थी, जहां व्यक्ति में अनुशासन, देशभक्ति और सेवा का संस्कार पैदा किया गया। तीसरे सरसंघचालक बाला साहब देवरस के शब्दों में 'जहां हिंदू वहां शाखा -जहां शाखा वहां विजय।' वह कहते थे 'शाखा महिलाओं की सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा की भावना की जीवंत अभिव्यक्ति है।" एक घंटे की यह शाखा समय के साथ व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की प्रयोगशाला बन गई। आज, जब संगठन अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तो यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल विचारों में सीमित नहीं रहा-वह व्यवहार में बदल चुका है। संघ ने अपने सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्पष्ट कहा है कि "सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी" बनना है। अर्थात संघ का विचार प्रत्येक गांव, बस्ती, व्यक्ति तक पहुंचे। इस लक्ष्य के लिए बनाई गई कार्ययोजना भी उतनी ही व्यावहारिक है। हरियाणा दिसंबर 2025 में प्रत्येक घर (50,000 अधिक) तक संपर्क करना और फरवरी 2026 में हर मंडल (8 से 10 गांवों का समूह) व हर बस्ती (8/10 हजार आबादी) में "हिंदू सम्मेलन" यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। केवल कहा नहीं तो उसकी योजना के परिणाम स्वरूप हरियाणा विजयादशमी पर सभी 257 नगरीय इकाइयों की 1443 में से 1398 बस्ती तथा ग्रामीण 882 में से 862 मंडल 6701 में से 4016 गांव के 84519 स्वयंसेवकों ने 2925 घोष वादक, स्वयंसेवक परिवारों से 57065 (9886 महिला) तथा 1062 विशेष व्यक्तित्व-दर्शकों की उपस्तिथि में 1111 कार्यक्रम सम्पन्न किए। हरियाणा जैसे प्रगतिशील राज्य में, जहां किसान, सैनिक, खिलाड़ी और युवक-युवती ऊर्जा का प्रतीक हैं, वहां इस विचार का विस्तार समाज में नई चेतना जगाने का माध्यम बन रहे हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि संघ के सौ वर्ष की दिशा में आत्ममंथन और आत्मनिवेदन है। भविष्य की योजनाओं का आधार है। विजयदशमी का प्रतीक सदैव धर्म की अधर्म पर विजय का रहा है- आज यह विजय है, असंगठन पर संगठन की, उदासीनता पर जागरूकता की, और विघटन पर एकता-एकात्मता-समानता-समर सता की। डॉ. हेडगेवार का दृष्टिकोण देश को सशक्त बनाने के लिए केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग में संगठन की भावना आवश्यक है। उन्होंने कभी किसी पद या सत्ता की आकांक्षा नहीं की, उनका एक ही लक्ष्य था, संगठित समाज के माध्यम से सशक्त राष्ट्र।' पथ का अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंहासन चढ़ते जाना। सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ाते जाना।' यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सौ वर्ष पूर्व था। समाज तभी सशक्त होगा जब उसमें एकता, समरसता, अनुशासन और आत्मविश्वास होगा। शाखा की व्यवस्था ने यही गुण समाज के भीतर गहराई तक पहुंचाए हैं। यह व्यवस्था व्यक्ति को 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, बस्ती, मोहल्ले की भलाई के लिए कुछ समय देगा, तब ही राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया सशक्त होगी। डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल एक संगठन का नहीं था, बल्कि एक राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की प्रक्रिया का था। आज जब युवा वर्ग "सेवा, संगठन और समर्पण" के सूत्र को जीवन का आधार बना रहा है, तब यह विश्वास दृढ़ होता है कि आने वाली शताब्दियां भारत की होगी, एक ऐसे भारत की, जो आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों में दृढ़ बना रहेगा। डॉ. हेडगेवार का कहा हुआ वाक्य आज इतिहास नहीं, वर्तमान का सजीव सत्य बन चुका है-"संगठित समाज ही सशक्त भारत का आधार है।"

( लेखक प्रांत प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# किसे जनादेश मिलेगा बिहार में



**विस चुनाव**

ओमकार चौधरी

> बिहार विधानसभ चुनाव में मुख्यत: दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए और राजद-कांग्रेस-वामदलों-हम पार्टी का महागठबंधन। बहुत प्रतीक्षा, आपसी मतभेदों और रस्साकसी के उपरांत बिहार के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रेलमंत्री रह चुके लालू यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। सत्तारूढ़ एनडीए नीतीश कुमार के नाम और चेहरे को ही आगे करके यह प्रतिष्ठित चुनाव लड़ रहा है। वैसे खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां भी प्रमुख चेहरे के तौर पर जनता के सामने हैं। बिहार का नतीजा दरअसल, दोनों गठबंधनों के आगे के प्रदर्शनों पर भी असर डालने वाला होगा।

राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले सभी लोगों की निगाहें बिहार पर टिकी हैं। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को है और दूसरे-अंतिम चरण का 11 नवंबर को। चौदह को नतीजे आ जाएंगे। पता चल जाएगा कि जनादेश किसके पक्ष में है। सरकार किसकी बनेगी और विपक्षी बैंचों पर कौन विराजमान होगा। मुख्यतः दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए और राजद-कांग्रेस-वामदलों-हम पार्टी का महागठबंधन। बहुत प्रतीक्षा, आपसी मतभेदों और रस्साकसी के उपरांत बिहार के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रेलमंत्री रह चुके लालू यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। राहुल गांधी को उनके नाम पर एतराज था। सोलह दिन की वोट अधिकार यात्रा के दौरान भी वह इस सवाल को लगातार टालते रहे कि सीएम चेहरा कौन होगा। सीटों की संख्या आदि को लेकर सहयोगी दलों के बीच अंतिम समय तक तीखे मतभेद बने रहे। सीएम चेहरे के इस नाजुक मुद्दे पर भी हालात कुछ ऐसे बन गए थे कि लालू-तेजस्वी को मनाने के लिए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पटना जाना पड़ा। वह मसला तो सुलझ गया पर मुकेश सहनी को भी डिप्टी सीएम घोषित करना पड़ा।

सत्तारूढ़ एनडीए नीतीश कुमार के नाम और चेहरे को ही आगे करके यह प्रतिष्ठित चुनाव लड़ रहा है। वैसे ख़ुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां भी प्रमुख चेहरे के तौर पर जनता के सामने हैं। जिस समय बिहार का विधानसभा चुनाव हो रहा है, उसकी पृष्ठभूमि जानना जरूरी है। मई-जून 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को जिन राज्यों में कम नुकसान हुआ, उनमें बिहार भी है। चालीस में से तीस सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन जीतने में सफल रहा। भाजपा-जदयू को बारह-बारह, लोक जनशक्ति पार्टी (आर) को पांच और जीतन मांझी की 'हम' को एक सीट मिली। राजा चार पर, कांग्रेस तीन पर, वामदल दो सीटों पर सिमट गए। एक निर्दलीय के खाते में चली गई। ऐसे समय जबकि हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सीटों का भारी नुकसान हुआ, बिहार में स्थिति इनके जैसी खराब न होना, बड़ी उपलब्धि थी। कई प्रमुख राज्यों में झटका लगने के कारण भाजपा को 2014 और 2019 की तरह अकेले दम पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिसकी टीस रिजल्ट के दिन भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री के चेहरे और आंखों में भी दिखाई दी थी लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद हुए पांच राज्यों के चुनाव में बाजी फिर से पलटती हुई दिखाई दी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकारें बनीं जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की। कांग्रेस का करीब-करीब हर राज्य में बहुत खराब प्रदर्शन रहा। हरियाणा में सबको लग रहा था कि वह वापसी कर सकती है परंतु वहां भी लगातार तीसरी बार भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया। विशेष कर यहां और महाराष्ट्र में कांग्रेस को बहुत भारी निराशा का सामना करना पड़ा।

सच तो यह है कि वह भीतर तक हिल गई। लोकसभा चुनाव से पहले भी कई राज्यों के चुनाव हुए, जिनमें कांग्रेस का प्रदर्शन उसके नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। कहीं दो, कहीं तीन और कहीं कहीं चार दशक




से वह देश के कई बड़े राज्यों की सत्ता से बाहर है। इनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उड़ीसा जैसे महत्वपूर्ण राज्य शामिल हैं। एक धारणा यह भी बन रही है कि जब से राहुल गांधी ने पार्टी की कमान अपने हाथों में लेकर फैसले लेने शुरू किए हैं, तब से उसकी विफलता की दर और बढ़ी है। उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों, अपनाई जा रही नीतियों, अप्रोच, दृष्टि आदि को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। जैसे, महाराष्ट्र की पराजय के उपरांत उन्होंने कहा कि लोकसभा के मुकाबले ऐसे बहुत से क्षेत्रों में बेतहाशा मतदाता बढ़ गए, जहां भाजपा ने जीत दर्ज की है। यह अलग बात है कि यह दावा ग़लत साबित हुआ क्योंकि जहां मतदाताओं के नाम जुड़े, ऐसे क्षेत्रों से कांग्रेस और एनसीपी के प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की। देवेन्द्र फड़नवीस ने कहा कि दोनों चुनाव के बीच मतदाता हमेशा से बढ़ते रहे हैं। उनमें नए मतदाता भी पंजीकरण कराते हैं, जो नौकरीपेशा आते हैं, उनके भी वोट बनते हैं परंतु कांग्रेस और ईको सिस्टम ने इस पर खूब हल्ला किया। नतीजतन, चुनाव आयोग ने चुनाव से पहले मतदाता सूची को साफ़-सुथरा बनाने के लिए बिहार में एसआईआर का फैसला ले लिया तो इस पर कांग्रेस, राजा और दूसरे दलों ने यह कहकर हंगामा शुरू कर दिया कि भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर उनके मतदाताओं के नाम हटाने की साज़िश रची है। बवाल के बावजूद प्रक्रिया पूरी हो गई। अब तो पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में एसआईआर कराने की तैयारी हो रही है। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन विजय को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक कल्याण के जितने कार्य हुए हैं, उनका सर्वाधिक लाभ गरीबों को मिला है। विकास के कार्य भी दिखाई दे रहे हैं। उनका चुनावी अभियान हमेशा नियोजित ही होता है, जिसके सकारात्मक नतीजे भी मिलते रहे हैं। गठबंधन सहयोगियों के साथ संवाद और समन्वय का काम सीधे स्वयं अमित शाह करते हैं, इसलिए कांग्रेस-राजद जैसे तीखे मतभेदों की आशंका न्यूनतम हो जाती है। कांग्रेस-राजद महागठबंधन में इसके उलट सिर फुटौव्वल कुछ अधिक ही दिखती है। इस बार भी नामांकन की अंतिम तिथि तक साफ़ नहीं था कि कौन कितनी सीट पर लड़ेगा। इससे आश्चर्यजनक बात और क्या होगी कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री लेकर मुख्यमंत्री तक चुनावी अभियान पर निकल चुके हैं परंतु महागठबंधन के स्टार प्रचारक माने जा रहे राहुल गांधी का कोई अता-पता ही नहीं है। यह जानकारी भी नहीं है कि वो चुनाव प्रचार करेंगे अथवा नहीं। विशेष कर कांग्रेस के लिए यह परिस्थितियां और मुश्किलें खड़ी कर देती हैं।

पहले ही राहुल की इसके लिए आलोचना हो रही है कि जब सीटों, प्रत्याशियों, समन्वय-संवाद करना था, चुनाव अभियान, रणनीति, और मुद्दों पर चर्चा होनी थी, तब वो विदेश यात्रा पर निकल गए। वह पार्टी के प्रदर्शन और राज्यों में जीत के प्रति कितने संजीदा या आश्वस्त हैं. इसे लेकर भी प्रश्न खड़े होते रहे हैं। वैसे, बिहार उन कुछ अहम राज्यों में से एक है, जहां कांग्रेस तीस-पैंतीस साल से सत्ता से बाहर है। यानी उसका अपना मुख्यमंत्री या सरकार जहां नहीं बने हैं। कहा जा रहा है कि जब से उन्होंने कांग्रेस के फैसले लेने शुरू किए हैं, पार्टी तीन लोकसभा सहित राज्य विधानसभाओं के नब्बे से अधिक चुनाव हार चुकी है। इन हारों में दो राष्ट्रपति चुनाव, तीन उप राष्ट्रपति चुनाव, तीन लोकसभा स्पीकर चुनाव भी जोड़ लें तो यह संख्या सौ तक पहुंच रही है। काफी समय से बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है परंतु लालू की पार्टी का वहां एक वोट बैंक है परंतु जिस तरह के हालात बनते हुए दिख रहे हैं, उनमें उसकी राह भी आसान नहीं दिख रही। बिहार का नतीजा दरअसल, दोनों गठबंधनों के आगे के प्रदर्शनों पर भी असर डालने वाला होगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख




संकलित

**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## महिला के शुभ कदम



संकलित

**प्रेरणा**

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाए है? दुकानदार- केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब-सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूं। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला- यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## बर्थडे सेरेमनी



माद्रा हाथी मो मो (दाईं ओर दूसरी), रविवार को यांगून जूलॉजिकल गार्डन में अपने 72वें जन्मदिन के मौके पर एक सेरेमनी के दौरान अपने दोस्तों के साथ फलों, सब्जियों और गन्ने से बना केक खा रही है।

## आज की पाती

### अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। – *मनोज सिंह, रायगढ़*

## ट्रेंड

### संस्कृत को नई प्राणवायु



यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि हमारी संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया से आज संस्कृत को एक नई प्राणवायु मिल रही है। इस दिशा में हमारे कई युवा साथी जिस तरह के रोचक प्रयास कर रहे हैं, वो बेहद प्रेरणादायी हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अब डर नहीं, न्याय चाहिए



महाराष्ट्र के सतारा में बलात्कार और उत्पीड़न से तंग आकर डॉ. संपदा मुंडे की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### बिहार की ज़मीन



तेजस्वी यादव के मुताबिक़ उनकी सरकार बनने पर हर एक घर से अगर एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी, तब तो पूरे बिहार की सारी ज़मीन पर बैनामा उनके परिवार का हो जाएगा।

**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### राज्य प्रायोजित हत्या



चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित 5 मासूम बच्चों को "संक्रमित खून" चढ़ाया गया और अब सभी बच्चे एचआईवी पॉज़िटिव पाए गए। अगर इनकी मृत्य हो जाती है तो, यह सिर्फ लापरवाही नहीं, राज्य प्रायोजित हत्या कहलाएगी।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

### भगवद्गीता आधुनिक विश्व के लिए 'ज्ञान का अमृत' है




भगवद्गीता 'ज्ञान का अमृत' और 'भारतीय सभ्यता का लघु इतिहास' है जो आधुनिक समय में लोगों के सामने आने वाली आध्यात्मिक और भौतिक दुविधाओं का समाधान करती है। यह बात प्रसिद्ध चीनी विद्वानों ने प्राचीन भारतीय ग्रंथ की सार्वजनिक तौर पर प्रशंसा में कही जो अपने आप में एक दुर्लभ मामला है। यहां शनिवार को भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 'संगमम – भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' विषय पर एक संगोष्ठी में भगवद्गीता पर बोलते हुए चीनी विद्वानों ने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताया और भौतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की इसकी कालातीत अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग थे, जिन्होंने भगवद्गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। गीता को एक आध्यात्मिक महाकाव्य और भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताते हुए, उन्होंने कहा कि इसका अनुवाद आवश्यक था क्योंकि यह भारत के आध्यात्मिक दृष्टिकोण – कर्तव्य, कर्म और वैराग्य के प्रति उसके विचारों – को प्रकट करता है, जो आज भी भारतीय जीवन को आकार देते हैं।

## ऑफ बीट

### मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी



मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29 .5–दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है – शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे–जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे–वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






मुख्यमंत्री नीतीश का लालू राबड़ी शासन पर तीखा हमला

# राजद सरकार ने भ्रष्टाचार, अपराध और अपहरण के अलावा कुछ नहीं किया

एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री ने पटना जिले के फुलवारीशरीफ के रामकृष्ण नगर स्थित शिवाजी चौक मैदान में शनिवार को राजग प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। नीतीश ने एक्स पर पोस्ट कर लालू-राबड़ी शासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने उस दौर को भ्रष्टाचार, अपराध और अपहरण के सिवाय कुछ नहीं किया। बिहार के विकास का माडल देशभर में मिसाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने जो कहा, वो किया। 2005 से पहले बिहार में भय और अपराध का माहौल था। पहले शाम के बाद घरों से बाहर निकलना मुश्किल होता था। नीतीश ने अपने पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने महिला आरक्षण, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में उठाए गए कदमों का जिक्र किया। नीतीश ने लालू परिवार पर महिला विरोधी सोच रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। नीतीश ने कहा कि बिहार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है।

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी के बयान पर एनडीए ने किया चौतरफा प्रहार



### हमने राज्य का विकास किया

उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने दो लाख 58 हजार शिक्षकों की बहाली की है और वर्तमान में पांच लाख 20 हजार सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए 2006 से सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा और उपचार की व्यवस्था शुरू की गई। पहले केवल 12 मेडिकल कालेज थे, अब राज्य के 27 जिलों में नए मेडिकल कालेज खोले जा चुके हैं।पटना मेडिकल कालेज में 5000 से अधिक बेड का नया अस्पताल बन रहा है, जबकि आइजीआइएमएस को 3000 बेड और नालंदा मेडिकल कालेज को 2500 बेड का विस्तार दिया जा रहा है।

### बागी रुख अपनाने वाले नेताओं को पार्टी से किया बाहर

जेडीयू ने संगठन के भीतर बगावत को लेकर सख्त कदम उठाया है। पार्टी ने निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ रहे 11 बागी नेताओं को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है।प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इन नेताओं ने पार्टी की विचारधारा, अनुशासन और संगठनात्मक आचरण के खिलाफ कार्य किया है।

तिवारी ने भी कसा तंज

## संसद से पास, शीर्ष कोर्ट से अनुमोदित एक्ट को तेजस्वी फाड़ देंगे



भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरजेडी नेताओं की राजनीतिक समझ और क्षमता पर सीधा तंज कसा और तेजस्वी यादव पर निजी हमला भी किया। तिवारी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड का बिल विधानसभा में नहीं, बल्कि संसद में पास होता है, इसलिए किसी को अपनी क्षमता के अनुसार ही बोलना चाहिए।

### एनडीएके पास 56 इंच का सीना विपक्ष के पास 56 इंच की जीभ

तिवारी ने तेजस्वी पर तीखा हमला बोला। तिवारी ने तेजस्वी के चुनावी वादों को '56 इंच की जीभ' का जुमला करार दिया और कहा, एनडीए के पास 56 इंच का सीना है, जो बिहार के विकास के लिए धड़कता है।

## शाहनवाज ने 'जंगलराज' की मानसिकता बताया



आरजेडी के लोग जंगलराज वाले हैं। उन्हें नहीं पता है कि केंद्र की संसद से जो कानून(वक्फ संशोधन एक्ट) बना है, उस पर सुप्रीम कोर्ट की भी मुहर लग गई है। जनता को गुमराह करने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। वे वक्फ संशोधन एक्ट को खत्म करने की बयानबाजी कर रहे हैं। हुसैन ने आरजेडी के बयानों को 'जंगल राज' की मानसिकता से जोड़ते हुए ख़ारिज कर दिया। हुसैन ने कहा कि आरजेडी के लोग अभी भी 'जंगल राज' के दौर में जी रहे हैं।

चिराग का तेजस्वी पर बड़ा हमला!

## लालू परिवार ने बिहार को बर्बाद किया



केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 सालों में तेजस्वी यादव, उनके परिवार और उनकी सरकार ने बिहार को पीछे धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार एनडीए पूरी तरह एकजुट है जबकि महागठबंधन बिखरा हुआ है, इसलिए इस चुनाव का नतीजा ऐतिहासिक होने वाला है।

तेजस्वी ने वक्फ कानून पर यह बयान दिया

## महागठबंधन की सरकार बनी तो इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे



विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कटिहार में वक्फ़ कानून को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी, तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ़ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। आज आरएसएस और उसके सहयोगी बिहार में भी नफरत फैला रहे हैं। भाजपा का असली नाम 'भारत जलाओ पार्टी' होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री अब होश में नहीं

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि बिहार की जनता 20 साल पुराने नीतीश कुमार शासन से थक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अब होश में नहीं हैं। राज्य के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून-व्यवस्था की हालत बदतर हो चुकी है। तेजस्वी ने सीमांचल क्षेत्र के विकास का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने सीमांचल क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया।

### चुनाव जीते तो पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन देंगे

तेजस्वी ने दावा किया कि एनडीए उनकी चुनावी घोषणाओं की नकल कर रही है। मैं वादा करता हूं कि हमारी सरकार बनने पर पेंशन 2 हजार रुपये प्रति माह कर दी जाएगी। उन्होंने रविवार सुबह पोलो रोड स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम कुछ घोषणाएं करने आए हैं। तेजस्वी ने किसी का नुकसान नहीं किया।

## चुनाव प्रचार के दौरान धड़ाम से गिरे अनंत



मोकामा विधानसभा सीट पर बाहुबली अनंत सिंह पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। शनिवार को मोकामा के पूर्वी इलाके में आयोजित अनंत सिंह के जनसंपर्क अभियान के दौरान एक हादसा हो गया। अनंत के स्वागत के लिए एक छोटा मंच तैयार किया था। जैसे ही पूर्व विधायक अनंत सिंह मंच पर पहुंचे अचानक मंच भरभराकर टूट पड़ा।

## पवन की पत्नी के समर्थन में आईं अक्षरा



भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अब अक्षरा पवन सिंह की पत्नी ज्योति के समर्थन में आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिजो कुछ भी कर रही है सब अपने बलबूते कर रही हैं। वह काफी संघर्ष कर रही हैं।

## शेर कंगन का लालच दे रहा, पीके बोले



सीतामढ़ी के परिहार में जन सुराज प्रत्याशी अवधेश कुशवाहा का चुनाव प्रचार करने पहुंचे प्रशांत किशोर ने कहा कि 18 सालों तक सत्ता में रहकर तेजस्वी के माता पिता ने बिहार को बर्बाद कर दिया। तेजस्वी अगर आ गए तो बिहार का भला नहीं होने वाला है। ये लोग फिर से लूटपाट, अपहरण, रंगदारी का राज लाएंगे। शेर बुढ़ा भी हो जाएगा तो मांस ही खाएगा। उनका वादा शेर के कंगन वाला लालच जैसा है जो फंसाता था।

चुनाव आयोग बोला



### 6 नवंबर सुबह 7 से 11 नवंबर शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर बैन

**नई दिल्ली।** चुनाव के एग्जिट पोल को लेकर निर्वाचन आयोग ने रविवार को बताया कि 6 नवंबर सुबह से 11 नवंबर शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर रोक रहेगी।

## खबर संक्षेप

### देशभर में एसआईआर की तारीखों का आज ऐलान



**नई दिल्ली ।** भारत निर्वाचन आयोग सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की तारीखों की घोषणा करेगा। इसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और विवेक जोशी के नेतृत्व में पूरी जानकारी साझा की जाएगी।

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहा रोशन नहीं रहा



**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक और छात्र की मौत हो गई है। 24 वर्षीय नीट अभ्यर्थी अपने हॉस्टल के कमरे में शनिवार को मृत पाया गया। वह कोटा के राजीव गांधी नगर में रहता था। छात्र की पहचान ओडिशा के गंजाम जिले के अभयपुर निवासी रोशन कुमार पात्रो (24) के रूप में हुई है। वह नीट की तैयारी कर रहा था।

### शाह आज करेंगे 'भारत समुद्री सप्ताह' का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** देश की समुद्री ताकत और ब्लू इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए मुंबई में 'भारत समुद्री सप्ताह 2025' का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 अक्टूबर को नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में करेंगे। बताया जा रहा यह आयोजन 5 दिन तक यानी 27 से 31 अक्टूबर तक चलेगा।

### आग में घिरा मकान 2 की मौके पर मौत



**बाड़मेर।** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में रविवार सुबह एक भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया। जिले के जस्तानियों की ढाणी, भाड़खा गांव में एक घर में अचानक आग लग गई, जिसमें सो रहे तीन चचेरे भाई लपटों की चपेट में आ गए। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

# चाय के साथ मेरा जुड़ाव तो जगजाहिर, 'ओडिशा के गौरव' को सराहा, भावनाओं को भी बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। उन्होंने त्योहारी सीजन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और देश के युवा नेतृत्व पर विचार साझा किए।


पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 127वें एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया। उन्होंने त्योहारी सीजन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति और देश के युवा नेतृत्व पर विचार साझा किए। पीएम ने कहा कि इस समय देश में दीपावली और छठ पूजा के उत्साह का माहौल है। उन्होंने अपने पत्रों के जवाब में आए संदेशों का जिक्र करते हुए बताया कि देशवासियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और जीएसटी बचत उत्सव को लेकर उत्साह दिखाया। उन्होंने घरेलू उत्पादों की खरीद और खाद्य तेल की खपत में कमी के लिए लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया की सराहना की। मोदी ने रविवार को कोरापुट की कॉफी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गर्म पेय पदार्थ वास्तव में स्वादिष्ट है और ओडिशा का गौरव है। चाय के साथ मेरा जुड़ाव तो आप सभी जानते ही हैं, लेकिन, क्यों न कॉफी पर चर्चा की जाए। ओडिशा के कई लोगों ने उनसे कोरापुट कॉफी को लेकर भी अपनी भावनाएं साझा की थीं। कॉफी की खेती भी लोगों को फायदा पहुंचा रही है।

**'मन की बात' में खास कॉफी पर भी बोले**

कार्यक्रम के **127** एपिसोड में देशवासियों से संवाद किया

### कई तथ्यों के साथ जनता से किया संवाद

## नौकरी छोड़, कॉफी की खेती में लग गए



उन्होंने कहा कि कोरापुट में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो अपने जुनून की वजह से कॉफी की खेती कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वे लोग अच्छी-खासी नौकरी करते थे, लेकिन वो कॉफी को इतना पसंद करते हैं कि इस क्षेत्र में लग गए और अब सफलता से इसमें काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि ऐसी कई महिलाएं भी हैं, जिनके जीवन में कॉफी से सुखद बदलाव हुआ है। कॉफी से उन्हें सम्मान और समृद्धि, दोनों हासिल हुई है। भारतीय कॉफी की विविधता वाकई अद्भुत है।

### छठ पूजा की शुभकामनाएं दी सराहना भी की

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को नहाय-खाय के साथ इसकी शुरुआत हुई और रविवार को दूसरे दिन खरना का पर्व मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। 'एक्स' पर प्रसिद्ध गायक दिनेश लाल यादव का छठ गीत 'सुख लेके उगिह दुख लेके डुबिह' भी साझा किया। सभी व्रतियों को सादर नमन! मेरी कामना है कि इस अनुष्ठान पर छठी मइया हर किसी को अपना आशीर्वाद दें।

### स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक उदाहरण साझा

पीएम ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक उदाहरण साझा किए। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन देने वाले 'गार्बेज कैफे' शुरू किए गए हैं। वहीं, बेंगलुरु में इंजीनियर कपिल शर्मा और उनकी टीम ने 40 कुओं और 6 झीलों का जीर्णोद्धार किया और वृक्षारोपण अभियान में स्थानीय लोगों और कॉर्पोरेट्स को भी शामिल किया। गुजरात में धोलेरा और कच्छ में मैंग्रोव पौधरोपण अभियान पर पीएम ने बताया कि इन वृक्षों के कारण समुद्री पारिस्थितिकी में सुधार हुआ है, डॉल्फिन, क्रैब और प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

### बीएसएफ और सीआरपीएफ को सराहा

पीएम ने भारतीय कुत्तों की नस्लों, उनके प्रशिक्षण और सुरक्षा बलों में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की। उन्होंने बीएसएफ और सीआरपीएफ द्वारा देशी कुत्तों को प्रशिक्षित करने और उनके नामों में भारतीयता बनाए रखने की प्रशंसा की। उन्होंने 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष और इसके महत्व पर जोर दिया।

### संस्कृत के रोचक कार्यों का उल्लेख किया

उन्होंने संस्कृत भाषा और युवा पीढ़ी द्वारा संस्कृत में किए जा रहे रोचक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाषा किसी सभ्यता के मूल्यों और परंपराओं का वाहक होती है और युवा इसे पुनर्जीवित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आदिवासी नायकों, कोमराम भीम और भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए युवा पीढ़ी से उनसे सीख लेने और उनके जीवन और कार्यों को जानने का आग्रह किया।

दादर नगर हवेली,दमन दीव के स्थानीय चुनाव

## 80% कांग्रेस के नामांकन रद्द लगाये वोट चोरी के आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव के स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनावों में भाजपा पर प्रशासन के साथ मिलीभगत पर विपक्षी उम्मीदवारों के नामांकन रद्द करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां बड़े पैमाने पर चोरी हुई है।

इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता में गोवा, दादरा-नगर हवेली एवं दमन-दीव के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव डॉ. अंजलि निंबालकर और प्रादेशिक अध्यक्ष प्रभु टोकिया ने लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने प्रशासन के साथ मिलकर ऐसा तंत्र बनाया, जिससे उसके सामने कोई विपक्षी उम्मीदवार खड़ा ही न हो सके। ठाकरे ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया से ही धांधली की शुरुआत हो गई थी। 10 अक्टूबर को प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर फॉर्म और दस्तावेजों की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं, 13 अक्टूबर को एक सूची दे दी गई। 14 और 15 को जब प्रत्याशी दस्तावेज जुटाने पहुंचे, तो अनुपस्थित कर दिया।

हर एक लाख लोगों पर औसतन 186 मौतें

## जयराम ने वायु प्रदूषण पर जताई चिंता, गंभीर नुकसान हो रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने देश में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि भारत की हवा अब सिर्फ फेफड़ों को नहीं, बल्कि दिमाग और शरीर दोनों को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि यह संकट अब जनस्वास्थ्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी खतरा बन चुका है। एक्स पर पोस्ट करते हुए रमेश ने बताया कि 2023 में भारत में वायु प्रदूषण से करीब 20 लाख लोगों की मौत हुई, जो 2000 की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है। इनमें से करीब 90 प्रतिशत मौतें गैर-संचारी रोगों जैसे हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर, मधुमेह और अब डिमेंशिया (स्मृति ह्रास) से जुड़ी हैं। जो चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि भारत में हर एक लाख लोगों पर औसतन 186 मौतें वायु प्रदूषण से होती हैं, जबकि अमीर देशों में यह आंकड़ा सिर्फ 17 प्रति लाख है। रमेश के अनुसार, देश में वायु प्रदूषण सीओपीडी से होने वाली मौतों का 70,फेफड़ों के कैंसर से मौतों का 33 , हृदय रोगों से मौतों का 25 और मधुमेह से मौतों का 20 फीसदी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म कण न केवल फेफड़ों बल्कि मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

बृजभूषण की बेटी ने पढ़ी शायरी

## पहलवान की बेटी हूं, लिख देते हैं इतिहास, पीठ पर वार नहीं...

एजेंसी ▶▶ नोएडा



बाहराइच की कैसरगंज सीट से भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह ने पहली बार सार्वजनिक मंच से शायरी पढ़ी। शनिवार को नोएडा सेक्टर-121 होम्स 121 सोसाइटी में आयोजित कवि सम्मेलन में मंच पर पहुंचते ही उन्होंने कहा- पहलवान की बेटी हूं, पहलवान के लिए पढ़ी कविता, बोली भेज देना उन्हें। पहली बार मंच पर शायरी पढ़ी- इतिहास लिखते हैं, पीठ पर वार नहीं करते...। पहली बार मंच पर कविता पाठ कर रही हूं। मैं बिल्कुल नई कवि हूं, यह मेरा पहला कवि-सम्मेलन है। मजाक-मजाक में दोनों भाइयों करण और प्रतीक भूषण को बाहुबली बताया। वहीं कुश्ती संघ के अध्यक्ष सतपाल यादव के लिए उन्होंने कविता पढ़ी हालांकि कहा उन्हें भेज दीजिएगा। जब पीठ सटा दी मेरी, तो अब मैं भी धक्का मारूंगा। बहुत हुआ सम्मान अब मैं भी मुक्का मारूंगा। जिंदाबाद तेरा भी जिसने यहां तक पहुंचा है,बड़ी हमदर्दी से छोड़ने आया है।

सूर्य की उपासना का लोकपर्व छठ महापर्व शुरू

## रविवार को मनाया खरना, आज देंगे अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य


### निर्जला उपवास रख प्रसाद के रूप में खीर, रोटी, फल खाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

4दिन तक चलने वाले सूर्य की उपासना के लोकपर्व छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गई। व्रती महिलाओं, पुरुषों ने सूर्योदय से पहले उठकर नदी, सरोवर में स्नान किया। अब रविवार को खरना में प्रसाद तैयार किया। अगले दिन सोमवार को डूबते सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरे विधि विधान से पूरा होगा। स्नान के बाद पूजा स्थल और रसोई की अच्छी तरह से साफ सफाई की गई। घरों में चूल्हा बनाया। रविवार को पंचमी तिथि पर व्रती लोगों ने खरना मनाया। खरना के दिन निर्जला उपवास रखते हुए शाम को पूजा के साथ प्रसाद के रूप में खीर, रोटी, फल खाया। गुड़ की खीर बनाकर छठ मैया को भोग लगाया। पूरा परिवार व आसपास के लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया।



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान।



**कोलकाता।** महिलाएं सिंदूर लगाते हुए।

### तीसरे दिन डूबते और चौथे दिन उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक छठ पूजा स्थल पर छठ माता और भगवान सूर्य की विशेष रूप से पूजा से पहले घी का दीपक जलाना चाहिए। दूसरे दिन खरना के बाद तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है,वहीं छठ पर्व के चौथे और आखिरी दिन (मंगल को) उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस व टीसीएस को सर्वाधिक लाभ



**नई दिल्ली।** छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण सामूहिक रूप से 1,55,710.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

### सोयाबीन, सरसों तेल में गिरावट, मूंगफली स्थिर

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में महंगे दाम पर लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तेल, संभावित सट्टेबाजी की हवा निकलने के बीच मलेशिया में एक सप्ताह से जारी गिरावट के कारण पाम-पामोलीन तथा आवक बढ़ने से बिनौला तेल के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

### ओर्कला इंडिया का आईपीओ 29 अक्टूबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** मसाला ब्रांड एमटीआर और ईस्टर्न के स्वामित्व वाली ओर्कला इंडिया ने अपने 1,667 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 695-730 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 29 अक्टूबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा ।

### विमानन मंत्रालय एफटीओ की समीक्षा के लिए बैठक करेगा

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय जल्द ही देश में उड़ान प्रशिक्षण संगठनों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाएगा। यह बैठक हाल की रैंकिंग में अधिकांश संगठनों के खराब प्रदर्शन के मद्देनजर होने जा रही है।

# केंद्रीय बैंक के रुख से सोने में उथल-पुथल की आशंका : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले हफ्ते घरेलू बाजार में सोने की कीमतें कुछ हद तक स्थिर रह सकती हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक प्रमुख केंद्रीय बैंकों की बैठकों और वैश्विक व्यापार घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति और फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बयान पर खास नजर रखेंगे। जेएम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष प्रणव मेर के अनुसार, ''हाल ही में सोने की कीमतें दस हफ्तों में पहली बार गिर गईं। इसका कारण निवेशकों के मुनाफा वसूली, भारत व चीन में कमजोर मांग तथा मजबूत अमेरिकी डॉलर है। भारत में खरीदार कीमतें और गिरने की उम्मीद में कम खरीद रहे हैं, जबकि चीन और सिंगापुर में कम कीमतों ने खरीदारी बढ़ा दी।

■ फेड के चेयरमैन पॉवेल के बयान पर होगी खास नजर

## निवेशक वैश्विक व्यापार घटनाओं पर नजर बनाए हुए

### दशक की सबसे तेज छह फीसदी की गिरावट सोने में दर्ज

एमकेए ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की शोध विश्लेषक रिया सिंह ने कहा, ''इस सप्ताह सोने में एक दशक में सबसे तेज छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। यह मुख्य रूप से तकनीकी कारणों से हुई, क्योंकि कीमतें 4,300 डॉलर प्रति औंस के ऊपर टिक नहीं पाईं।''



*एमसीएक्स में दिसंबर डिलीवरी चांदी हुई कम : एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 9,134 रुपये (5.83 प्रतिशत) कम हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 3.02 प्रतिशत गिर गई। रिया सिंह ने कहा, ''चांदी का दीर्घकालिक दृष्टिकोण मजबूत है, क्योंकि सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उद्योगों में मांग बढ़ रही है।''*

### मजबूत डॉलर ने सोने में निवेश को कम किया

सिंह ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में आशावाद और मजबूत डॉलर ने सोने में निवेश को सीमित किया। रिया सिंह ने कहा, ''हालांकि कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन सोने का दीर्घकालिक नजरिया मजबूत है। अमेरिकी बजटीय घाटा, केंद्रीय बैंकों का डॉलर से दूर होना और भू-राजनीतिक जोखिम सोने के लिए सकारात्मक बने रहेंगे। चांदी में भी हाल ही में तेजी के बाद गिरावट आई।

### एमसीएक्स में दिसंबर सोना डिलीवरी में गिरावट आई

एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के वायदा भाव में 3,557 रुपये की गिरावट आई। एंजेल वन के प्रथमेश माल्या ने कहा, ''सोने में यह गिरावट निवेशकों के मुनाफा वसूली करने और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में सुधार के संकेतों के कारण आई।

## टाटा टेक के सीईओ हैरिस ने कहा, हम इस चुनौती से वाकिफ

# एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि का लघु अवधि में कोई प्रभाव नहीं, भविष्य की योजनाएं बदलेंगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में की गई वृद्धि का टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड पर कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वॉरेन हैरिस के अनुसार, इससे भविष्य के लिए संसाधन योजनाओं में बदलाव आएगा।

हैरिस ने कहा कि वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी अपनी स्टाफिंग संरचना के कारण (जिसके किसी भी देश में लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी उसी राष्ट्रीयता के हैं) वीजा संबंधी समस्याओं से अन्य 'भारत से बाहर के भारतीय प्रतिस्पर्धियों' की तुलना में कम प्रभावित होती है।

### चीन में चीनी टीम चलाती है कारोबार

हैरिस ने कहा, ''हम एक भारत-बाहर की कंपनी नहीं हैं। हम एक वैश्विक कंपनी थे, और हमारे अधिकांश कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में उन देशों के नागरिक थे। हमारे अमेरिकी परिचालन को अमेरिकी चलाते हैं। हमारे चीन परिचालन को चीनी टीम चलाती है, जबकि हमारे कई भारतीय प्रतिस्पर्धी भारत से बाहर हैं। उनके लिए वीजा संबंधी समस्याएँ कहीं अधिक हैं।''

किसी भी देश में 70 फीसदी कर्मचारी उसी देश के होते हैं

हम भारत बाहर की कंपनी नहीं एक वैश्विक कंपनी है

हमारे अमेरिकी परिचालन को अमेरिकी लोग चलाते हैं



### निर्णयों का कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं

*हैरिस सितंबर में ट्रंप द्वारा घोषित वार्षिक एच-1बी वीजा शुल्क को बढ़ाकर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर करने के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा, ''हम इस चुनौती से वाकिफ हैं।'' हैरिस ने कहा, ''यह निश्चित रूप से भविष्य के लिए हमारी संसाधन योजनाओं को बदल देगा, लेकिन अमेरिका द्वारा लिए गए एच-1बी निर्णयों का कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं है।''*

### कर्मचारियों की संख्या 12,402 थी

*चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही तक, टाटा टेक्नोलॉजीज के वैश्विककर्मचारियों की संख्या 12,402 थी। उन्होंने कहा, ''हम 18 अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में मौजूद हैं। हमने जिस सिद्धांत के आधार पर कंपनी को गढ़ा है, वह यह है कि हम चाहते हैं कि किसी भी देश में लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी उसी राष्ट्रीयता या क्षेत्र से हों। यही हमारे ग्राहकों के साथ हमारे विशेष संबंधों का आधार है, और इसी के माध्यम से हम भारत में अपने द्वारा निर्मित इंजन का लाभ उठाते हैं।''*

### हमारा वैमानिकी कारोबार होगा दोगुना

हैरिस ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि इस साल हमारा वैमानिकी कारोबार दोगुना हो जाएगा, और हमने देखा है कि यह दूसरी तिमाही में भी जारी रहा है, और हमें पूरी उम्मीद है कि यह तीसरी और चौथी तिमाही में भी जारी रहेगा।'' उन्होंने वैमानिकी कारोबार के वर्तमान आकार के बारे में विस्तार से बताए बिना यह बात कही।

### टाटा टेक्नो ने दूसरी तिमाही में दर्ज किया लाभ


टाटा टेक्नोलॉजीज ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में 5.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 157.41 करोड़ रुपये की तुलना में 165.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इस तिमाही में कंपनी का एकीकृत परिचालन राजस्व 1,323.33 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1,296.45 करोड़ रुपये था।

### रणनीतियों का पुनर्निर्धारण पहले ही हो चुका

मुझे लगता है कि हमने जो देखा है, वह यह है कि रणनीतियों और योजनाओं का पुनर्निर्धारण अब काफी हद तक हो चुका है।''उन्होंने आगे कहा, ''जिन ग्राहकों से हम वित्त वर्ष की शुरुआत में निर्णय लेने की उम्मीद कर रहे थे, वे अब निर्णय ले रहे हैं।'' हैरिस ने कहा कि इससे दूसरी तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

# एआई ढांचे पर 15 अरब डॉलर निवेश करेगी रिलायंस : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में यह बात कही

■ इसमें एक विशाल एक गीगावाट डेटा सेंटर शामिल

अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) अगले कुछ साल में कृत्रिम मेधा (एआई) ढांचे पर लगभग 12-15 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर सकती है, जिसमें एक विशाल एक गीगावाट डेटा सेंटर भी शामिल हो सकता है। मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। अंबानी ने अगस्त में कंपनी की शेयरधारकों की वार्षिक बैठक में एक नई अनुषंगी कंपनी और रणनीतिक भागीदारियों के माध्यम से एआई में एक बड़े कदम की घोषणा की थी। एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी, रिलायंस इंटेलिजेंस, समूह की एआई पहल का नेतृत्व करेगी, जो चार स्तंभों पर केंद्रित होंगी ढांचा (भवन गीगावाट-स्केल, एआई-तैयार डेटा केंद्र का निर्माण), साझेदारियां (भारत में अत्याधुनिक एआई समाधान लाने के लिए वैश्विक तकनीकी दिग्गजों के साथ सहयोग करना), सेवाएं (भारतीय उपभोक्ताओं, छोटे व्यवसायों और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि जैसे क्षेत्रों में उद्यमों के लिए अनुकूलित एआई-संचालित सेवाओं का विकास) और प्रतिभा (भारत के एआई कार्यबल के कौशल विकास और पोषण में निवेश)। मॉर्गन स्टेनली ने रिपोर्ट में कहा कि रिलायंस ने हर दशक में खुद को नया रूप दिया है ।

### डेटा सेंटर का पहला चरण जामनगर में चल रहा

ऐसी संभावना है कि शेष क्षमता हाइपरस्केलर और एलएलएम प्रदाताओं को 'डेटा सेंटर एज अ सर्विस' के रूप में पट्टे पर दी जाएगी। डेटा सेंटर का पहला चरण गुजरात के जामनगर में पहले से ही चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, ''हमारा मानना है कि रिलायंस अपनी शुरुआती 100 मेगावाट की जेन एआई डेटासेंटर क्षमता का उपयोग कर सकती है - जिसके बारे में उसने संकेत दिया है कि यह दो वर्षों में बढ़ेगी।''

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पहली छमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 18 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत से यात्री वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़ा है। इसमें मारुति सुजुकी इंडिया दो लाख से अधिक इकाइयों के निर्यात के साथ सबसे आगे रही है। वाहन विनिर्माताओं के निकाय सियाम ने यह जानकारी दी है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल यात्री वाहनों का निर्यात बढ़कर 4,45,884 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 3,76,679 इकाई रहा था, जो 18.4 प्रतिशत की वृद्धि है। समीक्षाधीन अवधि में यात्री कारों का निर्यात बढ़कर 2,29,281 इकाई हो गया, जो 2024-25 की अप्रैल-सितंबर अवधि में 2,05,091 इकाई की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, अप्रैल-सितंबर अवधि में विदेशी बाजारों में उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों का निर्यात 26 प्रतिशत बढ़कर 2,11,373 इकाई हो गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वैन का निर्यात 36.5 प्रतिशत बढ़कर 5,230 इकाई हो गया। समीक्षाधीन अवधि में मारुति सुजुकी का निर्यात बढ़कर 2,05,763 इकाई हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,47,063 इकाई की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। हुंदै मोटर इंडिया ने अप्रैल-सितंबर की अवधि में 99,540 इकाइयों का निर्यात किया, जो एक साल पहले की समान अवधि के 84,900 इकाइयों से 17 प्रतिशत अधिक है। निसान मोटर इंडिया ने समीक्षाधीन अवधि में 37,605 इकाइयों का निर्यात किया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 33,059 इकाइयों का निर्यात किया था।

# वेदांता रिसोर्सेज ने बांड निर्गम से 50 करोड़ डॉलर जुटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) ने अक्टूबर में बॉन्ड के जरिये 50 करोड़ डॉलर जुटाए हैं और इस राशि का इस्तेमाल निकट अवधि की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में किया जाएगा। कंपनी ने बॉन्डधारकों को लिखे पत्र में कहा है कि 'उसके ऋण पोर्टफोलियो की औसत परिपक्वता अवधि अब चार साल से ज्यादा है, और उसने अपनी भारित औसत ब्याज लागत को घटाकर एकल अंक में कर दिया है, जो एक मजबूत और ज़्यादा लचीली पूंजी संरचना को दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि उसने ''अपने दायित्वों को पूरा करने की रूपरेखा के अनुरूप, 55 करोड़ डॉलर की निजी ऋण सुविधा (पीसीएफ) सहित निकट अवधि के दायित्वों को चुकाने के लिए 50 करोड़ डॉलर का बॉन्ड जारी किया है।'' इसके साथ ही, समूह के पास अब वित्त वर्ष 2026-27 तक कोई भी महत्वपूर्ण परिपक्वता नहीं है, जिससे एक संतुलित देयता संरचना सुनिश्चित होती है। कंपनी ने कहा कि समूह मजबूत तरलता बनाए रखता है, जिसे परिचालन वाली अनुषंगी कंपनियों से लाभांश प्रवाह स्वस्थ मुक्त नकदी सृजन का समर्थन प्राप्त है। कंपनी ने अग्रणी वैश्विक और भारतीय बैंकों के एक संघ के साथ 50 करोड़ डॉलर की सावधि ऋण सुविधा के लिए समझौता किया है। कंपनी के पास 68.2 करोड़ डॉलर की अप्रयुक्त शेष राशि के साथ एक दीर्घकालिक ऋण सुविधा है। वेदांता रिसोर्सेज ने कहा कि परिचालन वाली अनुषंगी कंपनियों से लाभांश प्रवाह और स्वस्थ मुक्त नकदी सृजन मजबूत तरलता को और बढ़ावा देते हैं।



■ राशि का उपयोग प्रतिबद्धताओं को पूरा करनें में होगा

*वेदांता का मुख्य कारोबार जस्ता, तेल और गैस में : परिचालन की दृष्टि से, वेदांता के मुख्य कारोबार - जस्ता, तेल और गैस, एल्युमीनियम और बिजली - मजबूत एबिटा और नकदी प्रवाह प्रदान करते रहे हैं। कंपनी ने बताया कि वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बावजूद जिंस कीमतें जुझारू बनी हुई हैं।*

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# उत्तर रेलवे ने प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ पर्व मनाने के लिए अपने घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए किए विशेष प्रबंध

**नई दिल्ली।** छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर बेहतर इंतज़ाम किए हैं, विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए जो पूर्वी भारत की ओर अपने घर जा रहे हैं। 25.10.2025 को दिल्ली एरिया के 6 प्रमुख स्टेशनों — नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाज़ियाबाद — से कुल 3,51,221 यात्री रवाना हुए। यह संख्या पिछले वर्ष की इसी अवधि (दीपावली के पाँचवें दिन, 05.11.2024) की तुलना में 7.86% अधिक है। आज 33 स्पेशल ट्रेनें दिल्ली एरिया के प्रमुख स्टेशनों से चलाई जा रही हैं —नई दिल्ली से 9, दिल्ली जंक्शन से 4, आनंद विहार टर्मिनल से 9, हजरत निजामुद्दीन से 2, शकूरबस्ती से 5, दिल्ली सराय रोहिल्ला से 1, शामली से 1 और रोहतक से 2। इसके अतिरिक्त 3 पासिंग स्पेशल ट्रेनें भी निर्धारित की गई हैं। यात्रियों के सुगम आवागमन हेतु, 3 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें — नई दिल्ली–दरभंगा, नई दिल्ली–राजेंद्र नगर टर्मिनल (पटना) और नई दिल्ली–सहरसा — को 25.10.2025 को चलाया गया।

■ आज दिल्ली क्षेत्र से उत्तर रेलवे द्वारा 33 स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन

# गिग और स्थायी कर्मचारियों के बीच वेतन अंतर बरकरार

स्थायी कर्मचारियों की तुलना में गिग कर्मचारियों को कम वेतन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

त्योहारी सीजन में नियुक्तियों में तेजी के बावजूद गिग (आमतौर पर ऑनलाइन डिलिवरी करने वाले अस्थायी कर्मी) और स्थायी कर्मचारियों के बीच वेतन समानता का मुद्दा अभी भी अनसुलझा है। 47 प्रतिशत पेशेवरों का मानना है कि गिग कर्मचारियों को उनके स्थायी समकक्षों की तुलना में कम भुगतान मिलता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जब पेशेवरों से पूछा गया कि समान भूमिका में गिग या फ्रीलांस तौर पर काम करने वाले कर्मचारियों का प्रति घंटे वेतन स्थायी कर्मचारियों से कितना कम है, तो 11 प्रतिशत ने कहा कि यह 10 प्रतिशत तक कम है, 23 प्रतिशत ने कहा कि 10-25 प्रतिशत कम है और 13 प्रतिशत ने माना कि यह अंतर 25 प्रतिशत से अधिक है।

## एसबीआई 3,500 अधिकारी करेगा नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने परिचालन को मजबूत करने और देश भर में सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए लगभग 3,500 अधिकारियों की नियुक्ति करने की योजना बना रहा है। देश के सबसे बड़े बैंक के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने बताया कि बैंक ने जून में 505 परिवीक्षाधीन अधिकारियों (पीओ) की भर्ती की है। उन्होंने बताया, ''इतनी ही संख्या में रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया जारी है... आवेदन प्राप्त हो गए हैं।''

साइबर सुरक्षा के लिए पहले ही भर्ती सीडीओ ने विशेषज्ञ अधिकारियों के संबंध में कहा कि आईटी और साइबर सुरक्षा क्षेत्र की देखभाल के लिए लगभग 1,300 अधिकारियों का चयन पहले ही किया जा चुका है।

## शब्द पहेली - 6029



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -6028 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ल | ख | | | | मु | स्का | न | |
| ग | त्रा | | रा | त | की | रा | नी | | बी | च |
| ल | | | ब | ल | | ह | म | | | म |
| त | न | खा | | ना | मि | त | | र | ह | न |
| | र | ज | नी | | त्र | | क | स | म | |
| | क | | ड | ल | | दा | म | | व | |
| | गा | फि | ल | | पा | | ला | न | त | |
| स | मी | र | | सु | रा | ही | | म | न | न |
| म | | | म | म | | न | र | | | र |
| य | क्ष | | हा | ति | म | ता | ई | | आ | म |
| | मा | लि | न | | | | स | ई | स | |



# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, शाइना और दीक्षा ने जीता गोल्ड

एजेंसी ▸▸| चेंगदू

शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया, जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

■ अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की तोमिता को से हराया



### शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय

भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया।



### अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं दीक्षा

दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### पोलो कप में भारत का दबदबा, अर्जेन्टीना को हराया

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत ने जयपुर पोलो ग्राउंड में कोग्नीवेरा अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को करीबी मुकाबले में 10-9 से हरा दिया। भारत के लिए जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। इस करीबी मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच का जुनून, ताकत और साझेदारी सब कुछ देखने को मिला। भारतीय कप्तान सिमरन सिंह शेरगिल ने कहा, 'अर्जेन्टीना के खिलाफ जीतना हमारे लिए शानदार लम्हा है। सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और प्रशंसकों की ऊर्जा ने हमें और अधिक उत्साहित किया। यह भारतीय पोलो के लिए गौरव का दिन है।'

### भुल्लर ने हासिल किया साल का पहला शीर्ष स्थान



**मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस टूर में अंतिम दिन तीन अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई। भुल्लर (67-69-67-69) इस पूरे हफ्ते शीर्ष 10 में बने रहे। उन्होंने सभी चार दौर में 70 से कम का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 16 अंडर रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जो 2025 में इंटरनेशनल सीरीज में उनका पहला शीर्ष 10 स्थान रहा। यह इस साल भारत के बाहर उनका पहला शीर्ष 10 स्थान भी था। अन्य भारतीयों में करणदीप कोचर (72) नौ अंडर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रहे जबकि अजितेश संधू (69) आठ अंडर के साथ संयुक्त 40वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया और रेहान थॉमस कट से चूक गए थे। इस सत्र में छह इंटरनेशनल सीरीज में भुल्लर ने सभी छह टूर्नामेंट में कट हासिल किया।

### एशिया रग्बी एमिरेट्स के सेमीफाइनल में भारत



**मस्कट।** भारतीय पुरुष रग्बी टीम ने एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवंस ट्रॉफी के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में लेबनान को 14-10 से हराया। इसके बाद उसने अफगानिस्तान पर 26-5 से जीत दर्ज करके अपनी लय बरकरार रखी और क्वार्टर फाइनल में ईरान पर 21-7 से शानदार जीत हासिल की। तीन मैचों में तीन जीत के साथ भारत आसानी से सेमीफाइनल में पहुंच गया, जहां उसका मुकाबला सऊदी अरब से होगा। भारत अगर सेमीफाइनल में सऊदी अरब को हरा देता है तो वह न केवल फाइनल में जगह बनाएगा बल्कि पहली बार एशिया रग्बी सेवंस सीरीज के डिवीजन एक में भी पहुंच जाएगा।

### करुण की सात साल बाद हुई थी वापसी, इंग्लैंड दौरे पर रहे फ्लॉप

# रणजी ट्रॉफी: टीम इंडिया से निकाले जाने के बाद नायर ने मचाया कोहराम, ठोका 25वां फर्स्ट क्लास शतक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट टीम से बाहर किए गए करुण नायर ने रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए गोवा के खिलाफ शतक ठोक दिया है। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 25वां शतक हैं। नायर ने उस समय टीम को संभाला, जब कर्नाटक ने 65 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में नायर क्रीज पर जम गए और टीम को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाला। वह पहले दिन 86 रन पर नॉटआउट थे। दूसरे दिन पहले सेशन में उन्होंने अपना शतक पूरा किया। कर्नाटक के स्कोर को 8 विकेट पर 336 रन तक पहुंचा दिया। करुण नायर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा थे। करीब सात साल बाद उनकी भारतीय टीम में वापसी हुई थी, मगर इंग्लैंड दौरे पर वह फ्लॉप रहे। वह सिर्फ एक फिफ्टी लगा पाए, जिसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ा।

### असम और सर्विसेज का मैच सिर्फ 90 ओवरों में खत्म

तिनसुकिया में रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर का मैच असम और सर्विसेज के बीच खेला गया। इस मैच में केवल 90 ओवर, 32 विकेट, दो हैट-ट्रिक, और 359 रन देखने को मिले। यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास का सबसे कम गेंदों (540 गेंद) में खत्म होने वाला मैच बन गया। इससे पहले 1961-62 सीजन में दिल्ली और रेलवे के बीच 547 गेंदों में मैच खत्म हुआ था, जिसमें 221 रन बने थे। हालांकि, समय के हिसाब से रणजी ट्रॉफी का सबसे छोटा मैच 4 नवंबर 1934 को मद्रास और मैसूर के बीच खेला गया था। वह मैच सिर्फ 100.5 ओवर में पहले ही दिन खत्म हो गया था।



### वत्स ने फिर चमक बिखेरी, हरियाणा को दिलाई जीत

*रोहतक में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर पार्थ वत्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए और हरियाणा को ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मैच में त्रिपुरा पर नौ विकेट से शानदार जीत दिलाई। इक्कीस साल के इस ऑलराउंडर ने लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता। इस बार उन्होंने आठ विकेट लिए, जिससे त्रिपुरा की टीम दूसरी पारी में महज 47 रन पर ढेर हो गई। इससे मेजबान टीम को जीत के लिए 16 रन का आसान लक्ष्य मिला। हरियाणा ने 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और अब उसके दो मैचों में 12 अंक हैं। पहली पारी में 14 रन देकर तीन विकेट लेने वाले वत्स ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार पांच विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 14 रन देकर पांच विकेट झटके।*

### तिनसुकिया मैदान पर 21वीं सदी का दूसरा रणजी ट्रॉफी

तिनसुकिया मैदान पर यह 21वीं सदी का दूसरा रणजी ट्रॉफी मैच था। पहले दिन 25 विकेट गिरे। असम की बल्लेबाजी पूरी तरह ढह गई। पहले दिन वो सिर्फ 17.2 ओवरों में 103 रन पर ढेर हो गए। इसके जवाब में सर्विसेज की टीम 108 रन पर ढेर हो गई। फिर दूसरी पारी में असम की टीम 29.3 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। इसके बाद सर्विसेज ने 13.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

### एक पारी में दो हैट्रिक बना इतिहास

पहले दिन सर्विसेज के गेंदबाजों ने असम के कप्तान रियान पराग के बल्लेबाजी के फैसले को गलत साबित कर दिया। सर्विसेज के बाएं हाथ के स्पिनर अर्जुन शर्मा ने रियान पराग, सुमित घडीगांवकर, और सिबसांकर रॉय को आउट कर सीजन की पहली हैट-ट्रिक ली। इसके बाद उनके साथी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहित जंग्रा ने दूसरी हैट्रिक ली। जंग्रा ने प्राद्युन सैकिया, मुक्तार हुसैन, और भार्गव लखर को आउट किया। अर्जुन ने भी 5 विकेट (5/46) लेकर अपनी छाप छोड़ी। यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार हुआ कि एक ही पारी में दो गेंदबाजों ने हैट्रिक ली।

### क्लच शतरंज चैंपियंस

# ग्रैंड मास्टर गुकेश के सामने होगी कड़ी चुनौती



एजेंसी ▸▸| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को शुरू हो रहे 412000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियन मुकाबले में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को शानदार जीत दिलाने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचने वाले गुकेश को अगर जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि विश्व रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन का ब्रेक हाल ही में पिता बनने के बाद समाप्त हो गया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। उनके अलावा अमेरिका के हिकारु नाकामुरा और फैबियानो कारूआना जैसे दमदार खिलाड़ी भी 18 गेम तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के दावेदारों में शामिल हैं।

■ कार्लसन, नाकामुरा और कारुआना प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के प्रबल दावेदारों में शामिल

### विजेता को मिलेगी 1,20, 000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि

एक पखवाड़े के भीतर क्लच शतरंज के दूसरे टूर्नामेंट में बड़ी पुरस्कार राशि दांव पर लगी है। इसके विजेता को 1,20,000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि मिलेगी। दूसरा पुरस्कार 90,000 अमेरिकी डॉलर है, जबकि तीसरा और चौथा पुरस्कार क्रमशः 70,000 अमेरिकी डॉलर और 60,000 अमेरिकी डॉलर है। इसके अलावा प्रत्येक राउंड में प्रत्येक जीत पर 72,000 अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि दांव पर लगी है।

# बेलिंडा बनीं पैन पैसिफिक ओपन की चैंपियन, जीता कॅरियर का 10वां खिताब

एजेंसी ▸▸| टोकियो

स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डब्ल्यूटीए पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर का 10वां खिताब जीता। बेनसिच ने इससे पहले इस टूर्नामेंट में 10 साल पहले भाग लिया था। उन्होंने फाइनल में चेक गणराज्य की अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। बेनसिच ने नोस्कोवा की सर्विस को तीन बार तोड़ते हुए एक घंटे 22 मिनट में आसान जीत हासिल की। टोकियो से स्विस खिलाड़ी की सुखद यादें जुड़ी हैं। उन्होंने चार साल पहले टोकियो में ओलंपिक महिला एकल में स्वर्ण पदक और युगल में रजत पदक जीता था। मैच के बाद बेनसिच ने कहा, 'आप लोगों के सामने खेलना शानदार रहा। पिछली बार मैंने यहां जब टोकियो ओलंपिक में जीत हासिल की थी, तब स्टेडियम खाली था, इसलिए माहौल बिल्कुल अलग था, लेकिन आप लोगों के सामने खेलना बहुत अच्छा लगा। मुझे जापान में खेलना बहुत पसंद है, इसलिए मैं यह टूर्नामेंट जीतकर बहुत खुश हूं।'



महिला विश्व कप
न्यूजीलैंड की टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर आउट

# न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप और सोफी की हार के साथ विदाई, 8 विकेट से जीता इंग्लैंड

एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

इंग्लैंड ने स्पिनरों के कमाल और एमी जोन्स की शानदार पारी की मदद से महिला विश्व कप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया। न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन ने अपने अंतिम वनडे मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे और उसकी पूरी टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने दो विकेट पर 172 रन बनाकर 124 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत हासिल की। जोन्स ने 92 गेंद पर नाबाद 86 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन और हीथर नाइट (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की।



**न्यूजीलैंड सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर:** इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था, जहां उसका सामना 29 अक्टूबर को गुवाहाटी में तीसरे नंबर की टीम दक्षिण अफ्रीका से होगा। दूसरा सेमीफाइनल इसके एक दिन बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवी मुंबई में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड की टीम पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी थी लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी कप्तान डिवाइन को जीत के साथ विदाई देगी, जिन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह वनडे क्रिकेट में उनका आखिरी मैच होगा।

### न्यूजीलैंड की जॉर्जिया रोमांचक पारी में जड़े 7 चौके

पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत एक बार फिर अच्छी नहीं रही और अनुभवी सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स ने अपना खराब प्रदर्शन जारी रखा तथा फुलटॉस गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठीं। इसके बाद 20 वर्षीय जॉर्जिया प्लिमर ने 57 गेंदों पर 43 रन की रोमांचक पारी में सात चौके लगाए और दूसरे विकेट के लिए अमेलिया केर के साथ 82 गेंदों पर 68 रन जोड़े। लेकिन इंग्लैंड ने जोरदार वापसी की और एलिस कैप्सी ने अमेलिया केर को पवेलियन की राह दिखा दी, जिन्होंने 43 गेंद पर 35 रन बनाए, जिसमें पांच चौके शामिल हैं।

# भारत और बांग्लादेश का मैच बारिश की भेंट चढ़ा

भाषा ▸▸| नवी मुंबई

भारत और बांग्लादेश के बीच रविवार को यहां खेल जा रहा आईसीसी महिला विश्व कप मैच लगातार बारिश की आंख मिचौली के बीच रद्द करना पड़ा।

बारिश के कारण दो बार मिलाकर चार घंटे से अधिक समय तक खेल रुका रहा जिसके कारण पहले इसे 43 और फिर 27 ओवर का कर दिया गया।

भारतीय पारी के दौरान जब तीसरी बार बारिश के कारण खेल रुका तो फिर शुरू नहीं हो पाया। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने महज औपचारिकता के इस मैच में 8.4 ओवर में बिना विकेट खोए 57 रन बना लिए थे। बारिश के कारण जब मैच रद्द किया गया तब स्मृति मंधाना 34 जबकि अमनजोत कौर 15 रन बनाकर खेल रहीं थी। भारत पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था और उसका चौथे स्थान पर रहना तय था जबकि बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। भारत सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारत सात मैच में तीन जीत, तीन हार और एक बेनतीजा मैच से सात अंक के चौथे स्थान पर रहा। बांग्लादेश की टीम तीन अंक के साथ आठ टीम के बीच सातवें स्थान पर रही।



### वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

# ब्रुक ने लगाए 11 छक्के, खेली 135 रन की तूफानी पारी

एजेंसी ▸▸| माउंट मानगानुई

हैरी ब्रुक ने 135 रन की अपनी असाधारण कप्तानी पारी में 11 छक्के लगाए, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में रविवार को 4 विकेट से हार गई। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में 223 रन पर आउट हो गई। उसके केवल दो बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे। न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 224 रन बनाकर 80 गेंद शेष रहते हुए जीत हासिल की। ब्रुक ने अपनी शतकीय पारी में 11 छक्कों के अलावा नौ चौके भी लगाए।

■ ब्रुक के शतक के बावजूद न्यूजीलैंड से हारा इंग्लैंड



### न्यूजीलैंड की शुरुआत रही खराब

न्यूजीलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर तीन विकेट पर 24 रन हो गया। आउट होने वाले बल्लेबाजों में केन विलियमसन भी शामिल थे, जो सात महीने में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे लेकिन खाता खोलने में भी नाकाम रहे। इसके बाद डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल ने पांचवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। ब्रेसवेल ने 51 रन बनाए। मिचेल ने 78 रन बनाकर नाबाद रहते हुए न्यूजीलैंड को जीत दिलाई।

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हावी हुए हैरी

इससे पहले ब्रुक उस समय क्रीज पर आए जब इंग्लैंड का स्कोर दूसरे ओवर में दो विकेट पर चार रन था। इसके बाद जल्द ही उसका स्कोर छह विकेट पर 56 रन हो गया। इंग्लैंड के कप्तान ने हालांकि एक छोर संभाल कर रखा और वनडे में अपना दूसरा शतक लगाया। यह एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है। ब्रुक ने 11 छक्कों के अलावा नौ चौके भी लगाए और धीरे-धीरे न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर हावी हो गए, जिन्होंने इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था।

### ब्रुक के वनडे क्रिकेट में 1000 रन पूरे

ब्रुक ने जेमी ओवरटन (46) के साथ छठे विकेट के लिए 87 और ल्यूक वुड (नाबाद पांच) के साथ आखिरी विकेट के लिए 57 रन जोड़े। उन्होंने इंग्लैंड के कुल स्कोर में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया और अपनी पारी के दौरान वनडे क्रिकेट में 1000 रन पूरे किए। न्यूजीलैंड की तरफ से जाकरी फाकस ने चार, जैकब टफी ने तीन और मैट हेनरी ने दो विकेट लिए।




# मलेशिया में आसियान सम्मेलन का पहला दिन

# भारत की कई देशों ने जमकर की सराहना बताया- विशेष संबंधों वाला 'साझेदार' देश

2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित किया

## ◆ मलेशिया ने भारत को व्यापार निवेश, तकनीक में सहयोगी माना

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में चल रहे 47वें आसियान शिखर सम्मेलन में भारत को लेकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों ने सराहना की है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने भारत को 'विशेष संबंध' वाला साझेदार बताया। उन्होंने कहा, मलेशिया का भारत के साथ हमेशा विशेष रिश्ता रहा है। प्रधानमंत्री मोदी आसियान और मेरे व्यक्तिगत मित्र हैं। इब्राहिम ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने और जन-से-जन संपर्क बढ़ाने पर बल दिया।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इब्राहिम से मुलाकात में मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। मलेशिया ने भारत को व्यापार, निवेश, तकनीक, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण साझेदार माना। आसियान महासचिव डॉ. काओ किम हौरन ने व्यापक सामरिक साझेदारी (सीएसपी) की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी अर्थपूर्ण, ठोस और पारस्परिक लाभकारी है।




### आसियान में भारत को बताया पर्यटन का केंद्र

2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष घोषित करने के बाद, सतत पर्यटन पर संयुक्त नेताओं का बयान अपनाया गया। पर्यटन को आर्थिक विकास और लोगों के बीच संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बताया गया। 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष' घोषित किया गया, जिसमें समुद्री सुरक्षा, मानवीय सहायता और ब्लू इकोनॉमी पर काम होगा। यह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होगा। सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी प्रीमियर ली कियांग, जापानी पीएम ताकाइची सनाए और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग जैसे नेता शामिल हैं।

### मलेशिया में रेड कार्पेट पर नाचे ट्रंप

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया के कुआलालंपुर पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका जोरदार स्वागत हुआ। विमान से उतरते ही ट्रंप ने जमकर ठुमका लगाया। ट्रंप के ठुमके को देख हर कोई हैरान रह गया। ट्रंप के मलेशिया दूर वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर तरह तरह की प्रतिक्रियां दे रहे हैं।*



### अमेरिका और वियतनाम में व्यापार समझौते पर सहमति

*अमेरिका और वियतनाम ने आपसी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर सहमति जताई है। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के व्यापार को न्यायसंगत और संतुलित बनाना है। समझौते के तहत दोनों देशों के निर्यातकों को एक-दूसरे के बाजार में आसानी से प्रवेश करने का अवसर मिलेगा। इससे व्यापार बढ़ने और आर्थिक संबंध मजबूत होने की उम्मीद है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस व्यापार समझौते की और जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।*

### भारत-आसियान व्यापार 130 अरब डॉलर पर पहुंचा

भारत-आसियान व्यापार 2024 में 130 अरब डॉलर से अधिक पहुंचा है। सम्मेलन में डिजिटल इकोनॉमी, हरित ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला पर फोकस रहा। आसियान ने भारत को इंडो-पैसिफिक में संतुलनकारी शक्ति माना। अनवर इब्राहिम ने कहा, भारत-आसियान संवाद स्थिरता और समृद्धि का बल है। यह सम्मेलन 'समावेशिता और सततता' थीम पर आधारित है।

# चीन ने बना ली दुनिया की सबसे फास्ट बुलेट ट्रेन

# टूटे सारे रिकॉर्ड, 450 किमी प्रति घंटे की टॉप रफ्तार से चलेगी ट्रेन

2026 में आधिकारिक लॉन्चिंग की तैयारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाईस्पीड ट्रेनों के मामले में वैसे तो चीन का कोई जवाब नहीं है। लेकिन चीन है कि अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने में लगा रहता है। चीन में जल्द ही सीआर 450 बुलेट ट्रेन लॉन्च होने वाली है। इस बुलेट ट्रेन की टॉप स्पीड 450 किमी प्रति घंटा है और यह दुनिया की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन है। सीआर 450 बुलेट ट्रेन का अभी प्री-सर्विस ट्रायल चल रहा है और जल्द ही इसे कॉमर्शियल इस्तेमाल के लिए चीन की पटरियों पर उतार दिया जाएगा। सीआर450 के प्रोटोटाइप को नवंबर 2024 में पेश किया गया था। इसे 0 से 350 किमी प्रति घंटे की स्पीड तक पहुंचने में महज 4 मिनट 40 सेकेंड लगते है, जो मौजूदा सीआर 400 ट्रेन से एक मिनट कम समय है। चीन के शंघाई-चोंगकिंग-चेंगदू रेल लाइन पर सीआर450 ने ट्रायल के दौरान 450 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड हासिल की थी।



### 6 लाख किमी की टेस्टिंग हुई पूरी

जिसके बाद यह दुनिया की सबसे तेज रफ्तार वाली बुलेट ट्रेन बन गई है। सीआर450 ने अब तक 6 लाख किलोमीटर की ऑपरेशनल टेस्टिंग पूरी कर ली है। सीआर450 के डिजाइन में बंद बोगियां और लोअर स्कर्ट पैनल को शामिल किया गया है, जो एयर ड्रैग को 22 फीसदी कम करते हैं। इसका नोज कोन भी 15 मीटर लंबा है, जो पिछले मॉडलों के मुकाबले 2.5 मीटर अधिक है। इससे ट्रेन का एयरोडायनमिक पेनीट्रेशन बढ़ाता है। सीआर 450 पिछले मॉडल के मुकाबले 20 सेंटीमीटर छोटी और 55 टन हल्की है, जिससे

# भारत में लॉन्च से पहले स्टारलिंक ने शुरू किए सिक्योरिटी ट्रायल, मिलेगी सैटेलाइट

## ट्राई से अंतिम प्राइसिंग गाइडलाइंस मिलते गति पकड़ेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एलन मस्क की स्पेसएक्स के स्वामित्व वाली स्टारलिंक ने भारत में अपनी सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस लॉन्च से पहले सुरक्षा परीक्षण शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह प्रक्रिया भारत में विदेशी और घरेलू दोनों तरह के टेलीकॉम ऑपरेटरों के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी का हिस्सा है। स्टारलिंक को अभी टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अंतिम प्राइसिंग गाइडलाइंस का इंतजार है।

**ग्रामीण अंचलों में भी नेट की सुविधा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने के बाद भारत का सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार चाहती है कि सैटेलाइट नेटवर्क उन इलाकों में इंटरनेट पहुंचाए।



### बढ़ जाएगी इंटरनेट की स्पीड

*कंपनी का मानना है कि उसकी लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट तकनीक भारत के उन लाखों लोगों तक इंटरनेट पहुंचा सकती है, जिन्हें अब तक भरोसेमंद हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड नहीं मिल पाया है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। स्टारलिंक को उम्मीद है कि एलन मस्क के नाम और तकनीकी प्रतिष्ठा का फायदा उठाकर वह भारत के शहरी और टेक-सेवी उपभोक्ताओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो जाएगी, जो बेहतर और तेज इंटरनेट के लिए प्रीमियम भुगतान करने को तैयार हैं।*

### निर्देशों के बाद अगले साल मिलेंगी सेवाएं

*अगर ट्राई इस साल के अंत तक सैटेलाइट सर्विस की कीमतों को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर देता है, तो कंपनी 2026 की शुरुआत तक भारतीय उपभोक्ताओं को इंटरनेट सेवा देना शुरू कर सकती है। मुंबई में कंपनी पहले ही तीन ग्राउंड स्टेशन बना चुकी है, जो स्टारलिंक का भारत में प्रमुख संचालन केंद्र होगा। जल्द ही अधिकारियों द्वारा इन साइटों का निरीक्षण भी शुरू किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में भारत के नियामकों ने स्टारलिंक को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने की मंजूरी दी थी और उसे विशेष फ्रीक्वेंसी बैंड्स भी आवंटित किए गए। यह अनुमति अमेरिकी कंपनी के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है, क्योंकि वह लंबे समय से भारत जैसे विशाल इंटरनेट मार्केट में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी।*

## एंटी-टैरिफ विज्ञापन पर भड़के राष्ट्रपति

# ट्रंप ने गुस्से में कनाडा पर लगाया 10 फीसदी टैरिफ




एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिका और कनाडा के बीच ट्रेड वॉर तेज होता जा रहा है। इस घमासान को कनाडा के टैरिफ विज्ञापन ने और तूल दे दिया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताओं को खत्म करने की घोषणा की। वहीं अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के बयान वाले विवादित टैरिफ विज्ञापन को नहीं हटाने पर आगबबूला हुए ट्रंप ने 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के टैरिफ-विरोधी विज्ञापन को लेकर गुस्से में हैं। इस बीच ट्रंप ने कनाडा पर विवादित विज्ञापन जल्दी ना हटाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात कर लगाने का एलान किया है।

■ आपत्ति के बाद पर चलता रहा विज्ञापन

### व्यापार वार्ता कर दी समाप्त

*कनाडा के विज्ञापन में पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल अमेरिकी टैरिफ की आलोचना करने के लिए किया गया था, जिससे ट्रंप नाराज हो गए और कनाडा के साथ व्यापार वार्ता समाप्त कर दी। कई कनाडाई उत्पादों पर पहले से ही 35% टैरिफ लागू है, जबकि स्टील और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ है, और ऊर्जा उत्पादों पर केवल 10% टैरिफ लागू है। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अतिरिक्त 10% टैरिफ किन उत्पादों या क्षेत्रों पर लागू होगा।*

### विज्ञापन के प्रसार से भड़के ट्रंप

हालांकि ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि वह सप्ताहांत के बाद इस विज्ञापन को हटा देंगे। इस बीच यह विज्ञापन शुक्रवार रात वर्ल्ड सीरीज के पहले मैच के दौरान चलाया गया।

## चोरों की तस्वीर वायरल, 2 संदिग्ध गिरफ्तार

# लूव्र म्यूजियम से चोरी हुए आभूषणों को खरीदेंगे टेलीग्राम के सीईओ!

10.2 करोड़ डॉलर मूल्य के आठ कीमती रत्न हुए थे चोरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थिति लूव्र संग्रहालय में कुछ दिन पहले हुई चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस लूव्र म्यूजियम से कीमती आभूषणों की चोरी के सिलसिले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

हालांकि, पुलिस द्वारा अभी गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पहचान को उजागर नहीं किया गया है। वहीं टेलीग्राम के संस्थापक और सीईओ पावेल डुरोव ने पेरिस के म्यूजिमय में हुई चोरी हुए गहनों के



खरीदने की इच्छा जताई है। लेकिन इसके लिए एक खास शर्त रखी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, चोरी हुए आभूषणों को खरीदकर उन्हें लूवर संग्रहालय को वापस दान करने में मुझे खुशी हो रही है। मेरा मतलब

लूव्र संग्रहालय से है, बेशक, लूव्र संग्रहालय से कोई चोरी नहीं करता।

### चोरों की तस्वीर सोशल मीडिया पर हुई वायरल

लूव्र संग्रहालय में चोरी के कुछ ही देर बाद पेरिस स्थित एसोसिएटेड प्रेस फोटोग्राफर थिबॉल्ट कामू ने एक सजीले कपड़े पहने युवक को वर्दीधारी फ्रांसीसी पुलिस अधिकारियों के पास से गुजरते हुए देखा। उसने इसकी तस्वीर ले ली। हालांकि, यह कोई विशेष अच्छी तस्वीर नहीं थी। क्योंकि किसी के कंधे ने अग्रभूमि का कुछ भाग छिपा दिया था। यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं।

# ब्रिटेन ने भारत की ई-कोर्ट्स परियोजना में दिखाई दिलचस्पी

## अगले हफ्ते दिल्ली में होगी बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की महत्वाकांक्षी ई-कोर्ट्स परियोजना अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान खींच रही है।

ब्रिटेन ने इस प्रोजेक्ट में खास रुचि दिखाई है और इसी को लेकर ब्रिटेन का एक प्रतिनिधिमंडल 6 नवंबर को नई दिल्ली पहुंचेगा। यह टीम केंद्रीय कानून मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सुप्रीम कोर्ट की ई-कमेटी के सदस्यों से मुलाकात करेगी। ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट का मकसद देश की अदालतों को पूरी तरह डिजिटल बनाना है। इसके तहत केस फाइलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट,



सुनवाई, आदेश और फैसले-सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल तीसरे चरण में चल रहा है। ब्रिटेन प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा न्यायिक क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ाने का एक अवसर माना जा रहा है। दोनों देश न्याय व्यवस्था में डिजिटल सुधार के अनुभव साझा कर सकते हैं और भविष्य में संयुक्त प्रोजेक्ट्स पर भी काम हो सकता है। भारत की अदालतों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या को देखते हुए डिजिटल सिस्टम को समय की जरूरत माना जा रहा है।

## अफगानिस्तान के बीच तुर्किये में 9 घंटे बैठक चली बाद में...

# पाकिस्तान ने दी धमकी-फिर छिड़ सकती है जंग

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए एक संयुक्त मॉनिटरिंग सिस्टम बनाने के लिए तुर्किये के इस्तांबुल में दूसरे दौर की बातचीत की। हालांकि पाकिस्तान अभी भी गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहा है और उसने कहा है कि अगर बातचीत विफल रहती है तो अभी युद्ध का विकल्प खुला है। दोनों देशों के बीच इस महीने की शुरुआत में सीमा पर झड़पें हुईं थी, जिसमें दर्जनों सैनिक और आम नागरिक और कथित आतंकवादी मारे गए थे।



**संयुक्त निगरानी तंत्र बनाने पर सहमति**

*दोहा में हुए समझौते के अनुसार, पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच दूसरे दौर की बातचीत शनिवार को तुर्किये के इस्तांबुल में हुई। पाकिस्तान की तरफ से दिए गए आधिकारिक बयान के अनुसार, बातचीत में सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने और व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए एक संयुक्त निगरानी तंत्र स्थापित करने पर चर्चा हुई।*

### अफगानिस्तान को गीदड़भभकी

*पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान में धमकी दी है कि अगर अफगान तालिबान के साथ बातचीत विफल रहती है तो युद्ध का विकल्प खुला है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पिछले चार-पांच दिनों से सीमा पर शांति है, और दोहा में पहले दौर की बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच जिन बिंदुओं पर सहमति जताई गई थी, उनमें से 80 प्रतिशत बिंदुओं को लागू किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान द्वारा चार दशकों से अधिक समय तक अफगानों की मेजबानी करने के बावजूद अफगानों ने पाकिस्तान में आतंकवाद का समर्थन किया।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109